www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 59 || अम्बेडकरनगर
बुधवार
20 मई 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः 2 ₹
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com
दैनिक
# तमसा संकेत
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 05:17
सूर्यास्तः 06:49
अधिकतमः 42°00
न्यूनतमः 29°00



पेज 07

विशेष समाचार
दवा के नाम पर मौत, इलाज ... >>पेज 04
यूपी में भीषण गर्मी, बर्फ ... >>पेज 06
शिखर पहाड़िया ने शेयर ...

## अखिलेश बोले-भाजपा असल मुद्दों से भटका रही, कांग्रेस से हमारा गठबंधन आगे भी चलेगा

# सड़क पर नमाज पढ़ने से क्या दिक्कत : अखिलेश

कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में कितनी सीटें देंगे? इस सवाल पर अखिलेश ने कहा कि लोकसभा में भी सवाल सीट का नहीं, जीत का था। वही फॉर्मूला विधानसभा में भी जारी रहेगा। 2027 के विधानसभा चुनाव में हम गठबंधन के साथ ही उतरेंगे। हमारे पास गठबंधन करने और चलाने का लंबा अनुभव है। समाजवादियों ने हमेशा दूसरों को लाभ दिया है, कभी धोखा नहीं दिया।



पलटवार

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। 'सड़कों पर क्या होना चाहिए, क्या नहीं होना चाहिए, इसके नियम हैं। जहां तक सड़क की बात है, तो हम चाहते हैं कि सड़कें और चौड़ी हों। वो इसलिए यह मुद्दा उठा रहे हैं, जिससे बहस दूसरी तरफ चली जाए। कौन सड़क पर नमाज पढ़ रहा है? और अगर पढ़ भी रहा है, अगर जगह कम है, तो क्या दिक्कत है?

>> (शेष पेज 06 पर)

### सीएम योगी ने क्या कहा था?



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 18 मई को हिंदी अखबार अमर उजाला के एक कार्यक्रम में कहा कि उत्तर प्रदेश में सड़कों पर नमाज नहीं होने दी जाती. उन्होंने कहा कि सड़कें आवागमन के लिए होती हैं और किसी को भी चौराहों या सड़कों को रोककर सार्वजनिक जीवन बाधित करने का अधिकार नहीं है.

>> (शेष पेज 06 पर)

### पीएम ने विदेश जाने से मना किया है, हम तो विदेश ही घूमेंगे


अखिलेश यादव ने कहा- गठबंधन सीटों की संख्या के आधार पर नहीं होगा। विधानसभा चुनाव में हमारी क्या रणनीति होगी, इसका खुलासा नहीं करूंगा। हमारा विरोधी बहुत ताकतवर है। पीएम की विदेश यात्रा टालने की अपील पर भी अखिलेश ने तंज कसा। कहा कि हम विपक्ष के लोग हैं। प्रधानमंत्री जी ने विदेश जाने के लिए मना किया है, लेकिन हम तो विदेश ही घूमेंगे।

## पेट्रोल-डीजल के दाम 90 पैसे बढ़े, 4 दिन पहले ₹3 बढ़ाए

### 15 राज्यों में पेट्रोल 100 लीटर पार

बढ़ोतरी

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली। देश में पेट्रोल और डीजल आज 19 मई से औसतन 90 पैसे प्रति लीटर और महंगा हो गया है। इससे पहले 15 मई, शुक्रवार को ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 3-3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। यानी पांच दिन के भीतर में यह दूसरी बढ़ोतरी है।

देश के 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पेट्रोल 100 रुपए लीटर के ऊपर बिक रहा है। वहीं 17 में डीजल का दाम 90 रुपए लीटर से ज्यादा है। यहां पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से लोग नाराज हैं। लोगों का कहना है कि दाम बढ़ने के कारण बहुत परेशानी हो रही है, महंगाई बढ़ गई है। वहीं जमुई में पेट्रोल के कैपिंग की जा रही है।

- बिहारः 200 रुपए का ही पेट्रोल दिया जा रहा, इससे लोगों को परेशानी
- राजस्थानः ड्रम में डीजल नहीं देने पर विवाद, पेट्रोल पंप संचालक आज हड़ताल पर

>> (शेष पेज 06 पर)

# बांग्लादेश में भारतीय प्रोटोकॉल अधिकारी की हुई संदिग्ध मौत

### बाथरूम के बाहर मिला शव, एलर्ट मोड में सुरक्षा एजेंसियां

जांच

तमसा संकेत, एजेंसी




नई दिल्ली। बांग्लादेश में भारतीय मिशन में तैनात एक अधिकारी का शव मिला है। भारतीय प्रोटोकॉल अधिकारी नरेन धर का शव आज सुबह चटगांव स्थित भारतीय सहायक उच्चायोग से बरामद किया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए चटगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मुर्दाघर भेज दिया गया। उनकी मौत का सही कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है। शहर पुलिस के सहायक आयुक्त अमिनुर राशिद ने बताया, 'नरेन धर भारतीय सहायक उच्चायोग में प्रोटोकॉल अधिकारी के तौर पर कार्यरत थे।' अमिनुर राशिद ने आगे बताया, 'सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सुबह करीब 9:30 बजे उनका शव बरामद किया, जिसके बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए CMC अस्पताल के मुर्दाघर भेज दिया गया।'

>> (शेष पेज 06 पर)

### भारतीय अधिकारी के शरीर पर नहीं मिले चोट के निशान

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जरूरी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कीं और शव को पोस्टमार्टम के लिए चटगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया. अस्पताल के डायरेक्टर ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद तस्लीम उद्दीन ने स्थानीय मीडिया को बताया कि नरेन धर को जब अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी.

>> (शेष पेज 06 पर)

# मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक

## योगी ने छत्तीसगढ़ में शाह को शॉल ओढ़ाया, मोहन यादव से बातचीत की

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । यूपी के सीएम योगी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बीच मंगलवार को बेहतरीन केमिस्ट्री देखने को मिली। मौका छत्तीसगढ़ में पहली बार हुई मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक का था। इसके शुरू होने से पहले सीएम योगी ने अमित शाह का पटका पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने हाथ जोड़कर एक-दूसरे को नमस्कार किया। सीएम योगी ने इस पूरे मूवमेंट की तस्वीर खुद अपने X पर शेयर किया। योगी ने लिखा- आज छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी का अभिनंदन किया।

>> (शेष पेज 06 पर)




### अमित शाह ने 1000 सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि दी

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 17 मई (रविवार) को तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ के दौरे पर आए थे। छत्तीसगढ़ को 31 मार्च को नक्सल मुक्त घोषित किए जाने के बाद शाह पहली बार वहां आए हैं। उन्होंने सोमवार को कहा कि सरकार छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में शांति कायम करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। शाह ने बस्तर में स्थित अमर वाटिका में माओवाद के खिलाफ लड़ाई में प्राणों की आहुति देने वाले 1,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित दी।

>> (शेष पेज 06 पर)




सूत्रों के मुताबिक, सीएम योगी बैठक में कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर यूपी की बदली तस्वीर को सामने रख सकते हैं। वह सोनभद्र, मिर्जापुर और चंदौली जैसे जिलों में नक्सलवाद खत्म करने के प्रयासों और नेपाल सीमा से जुड़े जिलों में सुरक्षा व्यवस्था के बारे में भी बता सकते हैं। इसके अलावा योगी आदिवासी समुदायों के उत्थान के लिए सरकार की योजनाओं और उनके जीवन स्तर में आए बदलाव का भी जिक्र कर सकते हैं।

फास्ट न्यूज

### सीएम विजय ने पूर्व चीफ प्रभाकरन को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने बैन किए गए संगठन लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम के फाउंडर वी प्रभाकरन को श्रद्धांजलि देने पर विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस अब तमिलनाडु में विजय की सरकार को सपोर्ट कर रही है।

मुलाकात मांग

### यूपी पीएससी अभ्यर्थियों ने अखिलेश यादव को सौंपा ज्ञापन

लखनऊ । 19, विक्रमादित्य मार्ग पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से आज यूपी पीएससी अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा प्रणाली में सुधार को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने परीक्षा प्रक्रिया में आ रही समस्याओं को विस्तार से रखा। इसमें परीक्षा कैलेंडर और परिणामों में लगातार देरी, प्रारंभिक परीक्षा में प्रश्नपत्रों की त्रुटियां, मुख्य परीक्षा की मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और लोअर पीसीएस जैसी परीक्षाओं के परिणाम समय पर न आने जैसे मुद्दे शामिल थे।

### ओडिशा में युवक-युवती को सरेआम लाठियों से पीटा


बेरहामपुर । ओडिशा के बेरहामपुर शहर में सड़क पर सरेआम एक युवक और उसकी महिला मित्र पर डंडों से हमले का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक सोमवार रात युवक और उसकी महिला मित्र बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान बीजीपुर इलाके में कुछ लोगों ने उनकी बाइक रोक ली।

## जब छिपाने को कुछ नहीं तो डर क्यों, मोदी ने नॉर्वे में पत्रकार को जवाब नहीं दिया था

# कॉम्प्रोमाइज पीएम सवालों से भागते दिखे : राहुल गांधी

आलोचना

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली । राहुल गांधी ने मंगलवार को नॉर्वे में एक महिला जर्नलिस्ट के सवाल को टालने पर पीएम मोदी की आलोचना की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'जब दुनिया एक कॉम्प्रोमाइज PM को कुछ सवालों से घबराकर भागते हुए देखती है, तो भारत की छवि पर क्या असर पड़ता है। जब छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो डरने की भी कोई बात नहीं है।' राहुल ने नॉर्वे की महिला जर्नलिस्ट हेली लिंग की X पोस्ट शेयर करते हुए यह लिखा। दरअसल, PM मोदी ने सोमवार को नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गार स्टोरे के साथ जॉइंट प्रेस मीट की थी, लेकिन मीडिया के सवाल नहीं लिए।

>> (शेष पेज 06 पर)

### नोटबंदी के दौरान भी आम जनता को कठिनाई हुई : राहुल

राहुल ने कहा- आरोप यह भी है कि बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया गया, जबकि आम लोगों और छोटे कारोबारियों पर इसका विपरीत असर पड़ा। नोटबंदी के दौरान भी आम जनता को कठिनाई हुई। लोगों की बचत और नगद लेन-देन प्रभावित हुआ। यह राजनीति नफरत फैलाने, ध्यान भटकाने और जनता के संसाधनों के केंद्रीकरण की दिशा में रही है।

राहुल गांधी बोले- बहुत कठिन समय आ रहा है, एक्शन लेने के बजाए मोदीजी विदेश चले गए



### रायबरेली में राहुल गांधी बोले- आर्थिक तूफान आने वाला है

रायबरेली । कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 2 दिन के यूपी दौरे पर हैं। मंगलवार को रायबरेली में राहुल ने कहा- अब आर्थिक तूफान आने वाला है। पीएम मोदी ने अडाणी और अंबानी वाला जो आर्थिक ढांचा बनाया है, वह टूटकर गिरेगा। इसका नुकसान आम जनता को होगा। यूपी की जनता को शॉक लगेगा। बहुत कठिन समय आ रहा है। एक्शन की बजाए पीएम कह रहे हैं कि विदेश यात्रा पर मत जाइए, जबकि खुद दुनिया के चक्कर काट रहे हैं। राहुल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा-हम आपके साथ खड़े हैं। जहां भी आप जाएंगे, मुझे बुला लीजिए, मैं आपके साथ रहूंगा। आपने मेरा समर्थन किया, आपने बारात घर की मांग की थी, हमने आपको बारात घर भी दे दिया। अगली बार जब यहां शादी होगी तो मुझे जरूर बुलाइएगा, मैं जरूर आऊंगा। हमारा रिश्ता प्यार का है, दिल का रिश्ता है, परिवार जैसा रिश्ता है।

>> (शेष पेज 06 पर)

## खतरनाक कुत्तों को मौत का इंजेक्शन दें : सुप्रीम कोर्ट

### लोगों की सुरक्षा जरूरी, जो अफसर निर्देश न माने

निर्देश

तमसा संकेत, एजेंसी




नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि खतरनाक या रेबीज से संक्रमित आवारा कुत्तों को इंजेक्शन लगाकर मारा जा सकता है, लोगों की जान की हिफाजत जरूरी है और गरिमा के साथ जीने में कुत्तों के खतरे से मुक्त होकर रहने का अधिकार भी शामिल है। मंगलवार को दिए गए इस मामले पर आखिरी फैसले के साथ ही कोर्ट ने सार्वजनिक जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के आदेश के खिलाफ दाखिल सभी याचिकाएं खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी पर नवंबर 2025 में दिए गए निर्देश ही लागू होंगे। जो अफसर इनका पालन न करें, उन पर अवमानना का केस चले। नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हाईवे जैसे पब्लिक प्लेस से आवारा कुत्तों को हटाने के निर्देश जारी किए थे।

- सुप्रीम कोर्ट ने 3 राज्यों में कुत्तों के काटने की घटनाएं गिनाईं

>> (शेष पेज 06 पर)

## मानसून अगले हफ्ते केरलम पहुंचेगा, रफ्तार कम रहेगी

### पूरे देश को देरी से कवर करेगा भारत की ओर बढ़ना शुरू

चेतावनी

तमसा संकेत, एजेंसी



भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने भारत की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है। फिलहाल यह अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के दक्षिणी सिरे से लेकर उत्तरी सिरे तक छा चुका है। मौसम विभाग ने तय तारीख एक जून से पहले 22 से 26 मई के बीच मानसून के केरलम पहुंचने की संभावना जताई है।

इस बार मानसून की रफ्तार धीमी रहने की आशंका ज्यादा है। इसलिए लगातार बारिश के बजाय मानसून बार-बार अटकेगा। एक ही जगह ठहरा रहेगा। इसमें बिना बारिश के दिनों की संख्या (मानसून ब्रेक) ज्यादा रह सकती है। जून से सितंबर के दौरान 7 से 14 दिन तक के कई ब्रेक आ सकते हैं।

निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट वेदर के अध्यक्ष जीपी शर्मा कहते हैं कि इस बार मानसून पर 2002 जैसा खतरा दिख रहा है। तब मानसून 29 मई को केरल पहुंच गया था।

- एमपी-राजस्थान समेत 10 राज्यों में अगले 7 दिन हीटवेव अलर्ट

>> (शेष पेज 06 पर)

### ऐलान : फालता में परसों वोटिंग, भाजपा सिंबल पर टेप चिपका मिलने पर चुनाव रद्द हुआ था

# बंगाल चुनाव : टीएमसी कैंडिडेट पीछे हटा

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की फालता विधानसभा सीट पर दोबारा वोटिंग से दो दिन पहले तृणमूल कांग्रेस (TMC) उम्मीदवार जहांगीर खान ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। जहांगीर ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी घोषणा की।

बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे फेज यानी 29 अप्रैल को फालता में वोटिंग हुई थी। इस दौरान कुछ बूथ पर EVM में भाजपा के बटन पर टेप चिपका मिला। कई अन्य बूथों पर भी EVM में गड़बड़ी की खबरें आईं। इसके बाद चुनाव आयोग ने 21 मई को दोबारा वोटिंग के आदेश दिए। रिजल्ट 24 मई को आएगा। TMC ने पूरे मामले पर कहा है कि जहांगीर खान का चुनाव से हटने का फैसला उनका निजी है, यह पार्टी का फैसला नहीं है। पार्टी ने X पर बयान जारी कर लिखा- 4 मई को चुनाव नतीजे आने के बाद फालता सीट पर हमारे 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। भारी दबाव के बावजूद हमारे कार्यकर्ता भाजपा की डराने की राजनीति का मुकाबला कर रहे हैं।


>> (शेष पेज 06 पर)



फालता सीट से TMC उम्मीदवार जहांगीर खान ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके चुनाव से हटने का ऐलान किया

### जहांगीर ने शुभेंदु की तारीफ की, सीएम बोले- टीएमसी उम्मीदवार चुनाव से भागे

चुनाव से हटने का ऐलान करते हुए TMC नेता जहांगीर ने कहा-मैं फालता का बेटा हूं और चाहता हूं कि यहां शांति बनी रहे और यह तरक्की करे। CM शुभेंदु यहां के लिए स्पेशल पैकेज दे रहे हैं, इसीलिए मैं चुनाव से खुद को अलग कर रहा हूं।



भाजपा ने फालता में एक बूथ पर EVM में BJP के बटन पर टेप लगाकर ब्लॉक करने का आरोप लगाया था।

- पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने जहांगीर के फैसले पर कहा-उनके पास कोई दूसरा ऑप्शन नहीं था, क्योंकि उन्हें कोई पोलिंग एजेंट तक नहीं मिलेगा। इसलिए उन्होंने चुनाव से भागने का फैसला किया।

# सीएम शुभेंदु पीए हत्याकांड : मुख्य शूटर पकड़ा गया

## शिकंजा

## परिवार के साथ हरिद्वार से लौट रहा था, ये भी बलिया का ही रहने वाला

तमसा संकेत, एजेंसी

बलिया । बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के PA चंद्रनाथ रथ की हत्या में सोमवार को यूपी से एक और आरोपी गिरफ्तार किया गया। बलिया के रहने वाले राजकुमार सिंह को CBI ने मुजफ्फरनगर से पकड़ा। उसे हत्याकांड का मुख्य शूटर माना जा रहा है। इससे पहले 10 मई को बलिया के ही रहने वाले राज सिंह को अयोध्या से पकड़ा गया था।

बंगाल चुनाव के नतीजे आने के 2 दिन बाद 6 मई को 42 साल के चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हमलावरों ने उनकी कार रुकवाकर कई राउंड फायरिंग की थी। चंद्रनाथ रथ को सीने और पेट में 3 गोलियां लगी थीं। मामला गंभीर होने की वजह से मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी।

CBI को पहले से ही राजकुमार की गतिविधियों के बारे में पता चल चुका था। सूचना मिली थी कि वह हरिद्वार से लौट रहा है। इस पर सीबीआई टीम ने मुजफ्फरनगर के छपार क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा के पास जाल बिछाया। सोमवार तड़के जैसे ही राजकुमार की गाड़ी टोल के पास पहुंची, CBI टीम ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद उससे काफी देर तक पूछताछ की गई। बलिया के रहने वाले त्रिभुवन नारायण सिंह एलएंडटी में अयोध्या में काम करते थे। मार्च महीने में रिटायर होने के बाद से वह घर पर ही हैं। उनके 2 बेटे और एक बेटी है। बेटी सबसे बड़ी है। सबसे छोटा बेटा कक्षा-5 में पढ़ता है।




### कोर्ट से मिली 24 घंटे का रिमांड

सीबीआई के सीओ राजेश कुमार ने राजकुमार को सीजेएम कोर्ट में पेश किया, जहां से उसकी 24 घंटे की रिमांड मिल गई। अब CBI उससे पूछताछ कर हत्या की साजिश और इसमें शामिल अन्य लोगों के बारे में पता लगाने में जुटी हैं। साथ ही बलिया के ही रहने वाले राज सिंह से उसके लिंक के बारे में पूछताछ होगी।

### पश्चिम बंगाल में हमारी कोई रिश्तेदारी नहीं

आरोपी राजकुमार सिंह के पिता त्रिभुवन नारायण सिंह ने बताया- आज सुबह करीब 6:45 बजे मुजफ्फरनगर से सीबीआई के कुछ अधिकारियों का फोन आया था। उन्होंने पूछा कि क्या आप त्रिभुवन नारायण सिंह बोल रहे हैं? मैंने कहा- हां। इसके बाद उन्होंने पूछा कि राजकुमार सिंह आपका बेटा है? मैंने फिर हां में जवाब दिया। उधर से बताया गया कि हमने उसे यहां से कस्टडी में लिया है। वे लोग 2026 का कोई मुकदमा बता रहे थे। इसके बाद वे क्या कह रहे थे, यह हमारी समझ में नहीं आया। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में सीएम सुवेंदु अधिकारी के पीए की हत्या हुई है, उसी मामले में पूछताछ की जा रही है।

**वहीं, बंगाल पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद चंद्रनाथ रथ की हत्या में सुपारी किलर्स के शामिल होने की आशंका जताई थी। पुलिस ने कहा था कि रथ की हत्या प्लानिंग के तहत की गई। इसमें प्रोफेशनल शूटर शामिल हो सकते हैं।**


राजकुमार सिंह करीब 3 साल पहले बलिया जेल जा चुका है।

### 10 मई को पहला आरोपी राज सिंह पकड़ा गया था

PA चंद्रनाथ रथ की हत्या में 10 मई को बलिया के रहने वाले राज सिंह को अयोध्या से पकड़ा गया था। इसके बाद उसे कोर्ट से 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया था। गिरफ्तारी के बाद राज सिंह का एक पोस्टर सामने आया था।

## 10 दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का सफल समापन

तमसा संकेत, संवाददाता

बरेली। बरेली कॉलेज के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित 10 दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला "नेविगेटिंग द फ्यूचरः जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग" का समापन सोमवार को वैलेडिक्टरी सत्र के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यशाला 9 मई से 18 मई 2026 तक आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को भू-स्थानिक तकनीकों, जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग की मूलभूत जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान गूगल अर्थ प्रो, जीआईएस मैपिंग, रिमोट सेंसिंग, सैटेलाइट इमेज प्रोसेसिंग, स्पेशियल एनालिसिस, विभिन्न प्रकार के सैटेलाइट डेटा, जीसीएस एवं पीसीएस कोऑर्डिनेट्स, सैटेलाइट डेटा डाउनलोडिंग प्लेटफॉर्म तथा जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग में भविष्य की रोजगार संभावनाओं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत



जानकारी दी गई। वैलेडिक्टरी सत्र में विभाग की ओर से डॉ. अनामिका अग्रवाल ने सभी अतिथियों, रिसोर्स पर्सन्स एवं प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी तथा इससे प्राप्त ज्ञान उनके शैक्षणिक एवं व्यावसायिक जीवन में सहायक बनेगा। कार्यक्रम में प्रमुख रिसोर्स पर्सन्स के रूप में के. बनर्जी सेंटर ऑफ एटमॉस्फेरिक एंड ओशन स्टडीज़ (केबीसीएओएस), इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुधीर कुमार सिंह तथा यूनिवर्सिटी ऑफ अबुजा, नाइजीरिया के रिमोट सेंसिंग एवं जियोस्पेशियल साइंसेज़ कोऑर्डिनेटर प्रो. जुबैरुल इस्लाम ने प्रतिभागियों को भू-स्थानिक तकनीकों के विभिन्न आयामों से अवगत कराया।

## फास्ट न्यूज

### अयोध्या से गुजरने वाली ट्रेनों के मार्ग बदले गए

अयोध्या। लखनऊ रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य और ट्रैफिक ब्लॉक का असर अब अयोध्या धाम और अयोध्या कैंट रेल रूट पर भी दिखाई देने लगा है। उत्तर रेलवे ने कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का मार्ग अस्थायी रूप से बदल दिया है। पहले ये ट्रेनें लखनऊ होकर संचालित होती थीं, लेकिन अब इन्हें सुलतानपुर, जफराबाद, शाहगंज और अयोध्या कैंट होकर चलाया जाएगा।

### राम दरबार की पहली वर्षगांठ 26 मई को मनाई जाएगी

अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर के प्रथम तल पर विराजित राम परिवार यानी राम दरबार की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ इस बार अलग परिस्थितियों में मनाई जाएगी। पिछले वर्ष 5 जून 2025 को गंगा दशहरा और ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के दिन राम दरबार की प्राण-प्रतिष्ठा हुई थी, लेकिन इस बार अधिक मास पड़ने के कारण तिथियों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं थी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस वर्ष ज्येष्ठ मास 30 दिन की जगह 60 दिन का माना जा रहा है। इसी वजह से गंगा दशहरा की तिथि को लेकर अलग-अलग पंचांगों में चर्चा चल रही थी।

### अयोध्या में 150 मतदाताओं के वोट कटने पर भड़की सपा

अयोध्या। अयोध्या में मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर समाजवादी पार्टी ने नाराजगी जताई है। पार्टी का आरोप है कि अयोध्या विधानसभा के भाग संख्या-222 में करीब 150 मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से गायब हैं। वहीं, भाग संख्या-8 में एक ही व्यक्ति का नाम दो जगह दर्ज होने की शिकायत भी की गई है।

## जीरो पॉवर्टी के इंडीकेटर्स की समीक्षा बैठक सम्पन्न

तमसा संकेत, संवाददाता



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जीरो पॉवर्टी अभियान के अंतर्गत चिन्हित परिवारों के गुणात्मक सुधार हेतु संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा चिन्हित परिवारों को उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं एवं सुविधाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जीरो पॉवर्टी अभियान का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता प्रदान करना ही नहीं, बल्कि चिन्हित परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार, आवास तथा सामाजिक सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त करते हुए उनके जीवन स्तर में स्थायी सुधार लाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र परिवार को शासन की योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, किसान सम्मान निधि, मनरेगा, स्वरोजगार योजनाओं एवं अन्य जनहितकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र परिवारों को तत्काल लाभान्वित कराया जाए तथा अभियान की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए चिन्हित परिवारों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें।

### चाचा ने अपनी मां के साथ मिलकर हंसिया से गला रेता, पेट और सीने में 8 वार किए

# 8 साल की बच्ची की हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी


करछना । प्रयागराज में नाबालिग चाचा ने अपनी मां के साथ मिलकर 8 साल की भतीजी की हत्या कर दी। उसका शव भूसे के कमरे में खून से लथपथ पड़ा मिला। आरोपियों ने हंसिया से पहले बच्ची का गला रेता। फिर उसके सीने और पेट में 8 वार किए। पुलिस ने आरोपी बच्ची की चचेरी दादी, दादा समेत 5 लोगों को हिरासत में लिया है। जबकि मुख्य आरोपी नाबालिग चाचा फरार है। आरोपी महिला ने बताया कि मेरा छोटा बेटा बच्ची को घर लेकर आया था। वह उसे आपत्तिजनक वीडियो दिखा रहा था।

हमें डर था कि कहीं बच्ची किसी को कुछ बता न दें, इसलिए उसे मार डाला। वहीं बच्ची की दादी ने कहा जैसे मेरी बच्ची तड़पी है, वैसे ही आरोपियों को भी तड़पाया जाए।




### घर के बाहर से खेलते समय लापता हुई

व्योहरा गांव के रहने वाले सुनील कुमार चौधरी राजमिस्त्री हैं। परिवार में पत्नी इंदु देवी और 4 बच्चे हैं। बच्चों में जान्हवी (8), मानवी (6), सुमित (5) और शुभ्यांशु (3) हैं। उनकी बड़ी बेटी जान्हवी कक्षा 2 की छात्रा है। सोमवार को वह घर के बाहर खेल रही थी। शाम करीब 6 बजे वह अचानक लापता हो गई। घरवालों ने पूरे गांव में उसे खोजा। मगर उसका पता नहीं चला। रात करीब 12 बजे बच्ची का बड़ा चाचा करन सुनील के घर पहुंचा। उसने बताया कि जान्हवी का शव मेरे घर के अंदर भूसे वाले कमरे में पड़ा है।



### आरोपी के बड़े बेटे ने घर में शव पड़े होने की जानकारी दी

हत्या की सूचना मिलने पर एसीपी करछना सुनील कुमार सिंह, औद्योगिक थाना प्रभारी कमलेश कुमार और करछना थाना प्रभारी प्रवीण कुमार गौतम मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने पुलिस को भी पहले घर के अंदर नहीं घुसने दिया। मगर जब पुलिस ने सख्ती दिखाई तो आरोपी पीछे हट गए। पुलिस के साथ जान्हवी की मां इंदू और पिता सुनील भी अंदर गए। उन्होंने देखा कि जान्हवी का शव खून से लथपथ भूसे के ऊपर पड़ा था। उसके पेट, सीने में हंसिया से वार किया गया था। गर्दन को रेता गया था। बच्ची का शव देखकर इंदू बेहोश होकर गिर पड़ी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। घरवालों ने बच्ची की हत्या का आरोप चचेरे दादा, दादी और उनके दो बेटों पर लगाया। पुलिस ने 5 आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मुख्य आरोपी की तलाश में दबिश दे रही है।

### मां बोली- चचेरा भाई अपने घर लेकर गया था

मां इंदु ने बताया कि पड़ोस के लोगों ने बताया कि मेरी बेटी को उसका चाचा अपने घर ले गया था। इसके बाद से बच्ची गायब हो गई। वह हमेशा मेरी बेटी को लेकर जाता था। उसे खाना खिलाता था। जान्हवी की दादी पूनम ने कहा कि जिस तरह से हम लोग तड़प रहे हैं। उसी तरह से हत्या करने वाला भी तड़पे। मेरी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। फिर भी मेरी बच्ची को मार दिया।

### ओवरटाइम के वेतन बढ़ोतरी को लेकर धरना, कर्मचारी बोले-काम ज्यादा और भुगतान कम

# कानपुर की फूड्स फैक्ट्री में मजदूरों की हड़ताल

## जायजा

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर में बड़ी संख्या में मजदूरों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ हड़ताल कर दिया। इसके बाद फैक्ट्री गेट के बाहर धरना शुरू कर दिया। मजदूरों ने वेतन बढ़ोतरी, ओवरटाइम भुगतान और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने सहित कई मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते फैक्ट्री का कामकाज भी प्रभावित रहा।

यह मामला मंगलवार की सुबह सचेंडी क्षेत्र स्थित भगवती फूड्स प्राइवेट लिमिटेड बिस्कुट फैक्ट्री का है। कर्मचारियों ने समय से ज्यादा काम करवाने, कम भुगतान करने का आरोप लगाया है। कर्मचारियों के हंगामा की जानकारी पर पुलिस पहुंच गई।

सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने मजदूरों और फैक्ट्री प्रबंधन से बातचीत कर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। वहीं फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।




भगवती फूड्स प्राइवेट लिमिटेड बिस्कुट फैक्ट्री के बाहर विरोध कर रहे कर्मचारियों ने हंगामा किया।

**66 थाना प्रभारी बोले**
**सचेंडी थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस मजदूरों से बातचीत कर रही है मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई फैक्ट्री मालिक से बात कर समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास किया जा रहा है।**

### सेफ्टी उपकरण तक नहीं मिलते, कई सालों से वेतन नहीं बढ़ाया

सचेंडी थाना क्षेत्र भौती स्थित भगवती फूड्स कर्मचारियों ने मंगलवार को फैक्ट्री के बाहर गेट पर बैठकर जमकर हंगामा किया। इस दौरान मजदूरों ने बताया कि उनसे निर्धारित समय से अधिक ओवरटाइम कराया जाता है, लेकिन उसका पूरा भुगतान नहीं दिया जाता। आरोप है कि ओवरटाइम का केवल आधा पैसा देकर मजदूरों का शोषण किया जा रहा है।

मजदूरों ने यह भी आरोप लगाया कि फैक्ट्री में काम करने के दौरान उन्हें सुरक्षा उपकरण तक उपलब्ध नहीं कराए जाते, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। कर्मचारियों का कहना था कि कई बार प्रबंधन से मांगें रखी गईं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर सभी मजदूर एकजुट होकर हड़ताल पर बैठ गए। धरना प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। फैक्ट्री गेट पर बड़ी संख्या में मजदूरों के एकत्र होने से आसपास काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा।

## डीएम ने उप निबन्धक कार्यालय नवाबगंज सदर का किया औचक निरीक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) के साथ उप निबन्धक कार्यालय, नवाबगंज सदर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर से मिलान कर उपस्थिति की जांच की तथा कार्यालय की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि कोई बाहरी व्यक्ति रजिस्ट्री कार्यालय में कार्य करता हुआ पाया गया, तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं अनुशासन बनाए रखना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आज हुए रजिस्ट्रेशन की संख्या, कार्यालय अभिलेखों के रख-रखाव तथा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक काउंटर पर पहुंचकर कार्यों की प्रगति एवं आमजन को उपलब्ध कराई जा



**कार्यालय में बाहरी व्यक्तियों की संलिप्तता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी**

रही सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को समयबद्ध, पारदर्शी एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यालय में अनावश्यक भीड़ एवं अव्यवस्था न होने पाए। जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं कार्यों के त्वरित निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी है।

### योजना : बरेली में गर्लफ्रेंड की चैट पढ़कर सनकी बना, 6 साल की दोस्ती, गला घोंटकर मार डाला

# बॉयफ्रेंड ने मर्डर से पहले दो बार रिहर्सल किया

तमसा संकेत, एजेंसी

बरेली। मेरी बेटी बहुत होनहार थी। उसने तो अशोक पर भरोसा किया था कि वो उसका दोस्त है, लेकिन उसने भरोसे का भी कत्ल कर दिया। बेटी अशोक पर इस वजह से भरोसा करती थी, क्योंकि अशोक हमारे स्कूल में पढ़ा था, वो हमारा छात्र रहा है। हमारे गांव के पास का ही था। लेकिन, बेटी को क्या पता था कि अशोक जल्लाद निकलेगा।

ये कहना है बरेली की डीएलएड छात्रा नीतू गंगवार (23) के पिता सोमपाल का, जिसकी बेटी की हत्या प्रेमी अशोक ने किया। नीतू के पिता ने बताया कि मैं एक शिक्षक हूं, मेरा खुद का स्कूल है, इसलिए मेरी बेटी भी टीचर बनना चाहती थी। मैं बेटा-बेटी में कोई अंतर नहीं समझता हूं, इसलिए मैंने बेटी को पढ़ाई के लिए घर से दूर भेजा।



क्योंकि मैं चाहता था कि बेटी पढ़-लिख लेगी तो अपने पैरों पर खड़ी हो जाएगी। मेरी बेटी मेरा स्वाभिमान थी। वो रोते हुए बोले कि अशोक को फांसी होनी चाहिए।

उधर, अशोक ने नीतू को मारने से ठीक पहले बाकायदा 'मर्डर का रिहर्सल' किया था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि जब वह नीतू को बाइक पर बैठाकर ला रहा था, तो उसने रास्ते में दो बार जानबूझकर बाइक को झटका देकर नीतू को नीचे गिराया। ताकि, नीतू की सड़क हादसे में मौत दिखाया जा सके।


नीतू गंगवार का शव एक खेत में मिला था। वह कॉलेज यूनिफार्म में थी।

### मोबाइल चैट्स पढ़कर आशिक ने हत्या का प्लान किया

15 मई की दोपहर जब बरेली के परीक्षा केंद्र से डीएलएड (D.El.Ed) की आखिरी परीक्षा देकर नीतू गंगवार बाहर निकली होगी, तो उसके दिमाग में भविष्य के कई सपने रहे होंगे। 6 साल पुराना दोस्त, उसका सबसे भरोसेमंद साथी अशोक कुमार (26) बाहर बाइक लेकर खड़ा था। नीतू ने हमेशा की तरह अपना मोबाइल सौंप दिया। लेकिन, वह इस बात से बिल्कुल अनजान थी कि जिस मोबाइल को वह एक अमानत समझकर दे रही है, उसकी स्क्रीन पर तैरते कुछ मैसेजेज उसके साथी के भीतर एक खूंखार हत्यारे को जन्म दे चुके हैं। दोस्तों के साथ चैट्स पढ़कर उसने हत्या का प्लान कर डाला।

### शादी का प्रस्ताव महज एक बहाना

रास्ते में चलते-चलते अशोक ने नीतू के सामने शादी का प्रस्ताव रखा। जब नीतू ने अपने करियर और अन्य कारणों का हवाला देकर इनकार किया, तो अशोक का गुस्सा बढ़ गया। हालांकि शादी का इनकार तो सिर्फ एक बहाना था। असली वजह वह ईर्ष्या और शक था, जो परीक्षा के दौरान नीतू का मोबाइल अपने पास रखने पर अशोक के अंदर पनपा था। उसने नीतू के फोन में कुछ अन्य दोस्तों के चैट्स और फोटोग्राफ्स देख लिए थे। इसके बाद उसने बड़े बाईपास पर ले जाकर नीतू के ही दुपट्टे से उसका गला घोंट दिया। शव को खेत में फेंक दिया।

# एनएचएम कर्मियों का फूटा गुस्सा, काली पट्टी बांधकर दूसरे दिन भी किया प्रदर्शन

## 20 मई तक मांगें न मानी गईं तो 21 से कार्य बहिष्कार की चेतावनी

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ माने जाने वाले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मियों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सूरतगंज पर मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी एनएचएम कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने बाएं हाथ में काली पट्टी बांधकर सरकार और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई तथा मांगों के शीघ्र समाधान की मांग उठाई।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन यूनियन के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में एनएचएम अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वर्षों से वे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें आज तक स्थायी कर्मचारियों जैसी सुविधाएं नहीं मिल सकी हैं। कर्मचारियों का कहना था कि कोरोना महामारी जैसे संकटपूर्ण समय में भी उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर दिन-रात सेवाएं दीं, लेकिन अब भी उन्हें नौकरी की सुरक्षा, नियमित वेतन और स्वास्थ्य बीमा जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 20 मई तक सरकार और विभाग उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लेते हैं तो 21 मई से कार्य बहिष्कार शुरू किया जाएगा। इसके बाद सभी जिलों में धरना-प्रदर्शन तेज किए जाएंगे और राज्य सरकार को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि एनएचएम कर्मचारी प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे मजबूत कड़ी हैं।अस्पतालों में मरीजों की देखभाल, टीकाकरण अभियान, जन जागरूकता कार्यक्रम और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की जिम्मेदारी मुख्य रूप से एनएचएम कर्मियों के कंधों पर ही रहती है। कर्मचारियों ने बताया कि समय पर वेतन न मिलने के कारण उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



# टांडा कोतवाली का एसपी ने किया निरीक्षण

समीक्षा

## अभिलेख, बैरक और थाना परिसर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर । सोमवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने थाना कोतवाली टांडा का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर, कार्यालय, अभिलेखों और बैरक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना स्तर पर संचालित व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ने अभिलेखों के रखरखाव, कार्यालय व्यवस्था और बैरकों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई और अनुशासन बनाए रखने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने और ड्यूटी के प्रति सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।

एसपी प्राची सिंह ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में लगातार गश्त जारी रखी जाए। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा गया। उन्होंने कहा कि आमजन में सुरक्षा का माहौल बनाए रखना जरूरी है। इसके लिए पुलिस को सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका निभानी होगी। पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान अनुशासन और बेहतर व्यवहार बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।





**पैदल गश्त के दौरान यातायात व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाजार और मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुचारु रखी जाए। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखी जाए और जाम जैसी स्थिति से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। पुलिसकर्मियों को संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए।**

### कस्बा टांडा में पैदल गश्त

थाना निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ने टांडा कस्बे में पैदल गश्त भी की। इस दौरान बाजार, मुख्य चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। पैदल गश्त के दौरान एसपी ने स्थानीय लोगों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

उन्होंने आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। लोगों से भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की गई।

### थाने में लंबित कार्यों की ली जानकारी

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाने में लंबित मामलों और शिकायतों की स्थिति की जानकारी भी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी मामलों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए और प्रत्येक मामले में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिसिंग व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

# संदिग्ध गोलीकांड में 9 वर्षीय बच्ची घायल पुलिस ने शुरू की जांच

## तकिया मोहल्ले में अचानक गोली चलने से मचा हड़कंप

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । हंसवर थाना क्षेत्र के तकिया मोहल्ले में सोमवार शाम करीब सवा सात बजे 9 वर्षीय बच्ची इकरा गोली लगने से घायल हो गई। घटना संदिग्ध परिस्थितियों में हुई, जिसके बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत फैल गई।गोली चलने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। कुछ ही मिनटों में मौके पर भीड़ जुट गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

इकरा अपनी मां के साथ मौसी के घर तकिया मोहल्ले में गई थी। इसी दौरान अचानक गोली चलने जैसी आवाज सुनाई दी और बच्ची जमीन पर गिर गई। शुरुआती स्थिति में परिजन भी समझ नहीं पाए कि घटना कैसे हुई।परिजनों ने बताया कि बच्ची कुछ ही पलों पहले सामान्य रूप से खेलते या घर के पास ही मौजूद थी, तभी अचानक वह घायल हो गई। खून देखकर परिजन घबरा गए और तुरंत उसे उठाकर वाहन से अस्पताल के लिए रवाना हो गए।



हंसवर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। शुरुआती जांच में यह स्पष्ट नहीं हो सका कि गोली किस दिशा से चली और किस हथियार से फायर हुआ।पुलिस अब इस घटना को सिर्फ सामान्य दुर्घटना नहीं मानकर कई एंगल से जांच कर रही है। इसमें अवैध हथियार, लापरवाही से फायरिंग और संभावित टारगेट एंगल भी शामिल है।सूत्रों के अनुसार, पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या यह गोली किसी घर के अंदर से चली या बाहर से फायर हुआ।

### अस्पताल में इलाज जारी, परिजनों में बेचैनी

घायल बच्ची को तुरंत आजमगढ़ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की टीम उसकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। परिजन अस्पताल में मौजूद हैं और लगातार उसकी हालत को लेकर चिंता जता रहे हैं।परिवार के लोगों के अनुसार, घटना ने सभी को झकझोर दिया है। बच्ची की हालत को लेकर घर और गांव दोनों जगह तनाव का माहौल है।

फास्ट न्यूज

### संदिग्ध वाहन चेकिंग में युवक गिरफ्तार

अंबेडकरनगर। जिले के हंसवर थाना क्षेत्र में मंगलवार को पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई।पुलिस के अनुसार कार्रवाई सेमरा नसीरपुर पुलिया के पास की गई। चेकिंग के दौरान बहद ग्राम सेमरा नसीरपुर की तरफ से आ रहे युवक को रोककर तलाशी ली गई।

### जेठ के तीसरे मंगलवार पर अंबेडकरनगर में भंडारों की धूम

अंबेडकरनगर। ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को शहर भर में विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। दोपहर से ही भंडारों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई, जिससे पूरा शहर भक्तिमय माहौल में बदल गया।भंडारे बस स्टाफ परिसर, बिजली विभाग कार्यालय, नेवातरिया बाईपास और गौहन्ना बाईपास सहित कई प्रमुख मार्गों और चौराहों पर आयोजित किए गए। भंडारों में श्रद्धालुओं को शरबत, पूरी-सब्जी, कढ़ी-चावल और हलवे का प्रसाद वितरित किया गया।

### भीटी तहसील में 25 मई को लगेगा सचल ग्राम न्यायालय

अम्बेडकरनगर। जिले की भीटी तहसील क्षेत्र में 25 मई 2026 को सचल ग्राम न्यायालय (मोबाइल कोर्ट) का आयोजन किया जाएगा।

सचल न्यायालय का आयोजन ग्राम पंचायत खजूरी में होगा, जहां क्षेत्र के वादकारी अपने लंबित विवादों के समाधान के लिए उपस्थित हो सकेंगे। प्रशासन की ओर से संबंधित पक्षों से तय तिथि पर पहुंचकर प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की गई है।

# 14 अगस्त तक सभी पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश

## कलेक्ट्रेट सभागार में हुई योजना की प्रगति समीक्षा बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने की। बैठक में योजना के तहत अवशेष पात्र परिवारों और लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड समयबद्ध तरीके से बनाए जाने पर जोर दिया गया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद के सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड आगामी 14 अगस्त 2026 तक हर हाल में तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देश दिया कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के स्तर पर प्रतिदिन का लक्ष्य तय करते हुए विस्तृत माइक्रो प्लान तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सीएचओ को न्यूनतम 25 गोल्डन कार्ड प्रतिदिन बनाने के लक्ष्य के अनुसार कार्य करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बनाई गई कार्ययोजना का प्रभावी तरीके से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा भी की जाए, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य पूरा हो सके।



जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अभियान की प्रतिदिन निगरानी करने के निर्देश दिए।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित वेयरहाउस का लिया जायजा

## ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी की हुई जांच

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और निगरानी प्रणाली की विस्तार से समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की और संबंधित अधिकारियों से इसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा।

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण और व्यवस्थित परिसर प्रशासनिक जिम्मेदारी का हिस्सा है।



इसके साथ ही उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच और रिकॉर्डिंग प्रणाली को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

निरीक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी महेश चंद्र द्विवेदी सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को सभी व्यवस्थाओं को लगातार अपडेट और सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए।

**निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मियों की सतत निगरानी की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।**

# एसपी कार्यालय में हुई जनसुनवाई, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

## आमजन की समस्याएं सुनने पहुंची एसपी प्राची सिंह

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । मंगलवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें पुलिस अधीक्षक के सामने रखीं। जनसुनवाई के दौरान कानून व्यवस्था, जमीन विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद और अन्य मामलों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं।

एसपी ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मामलों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से कहा कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं को लंबित न रखा जाए और हर मामले में निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं से बेहतर संवाद बनाए रखें। साथ ही जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने पर भी जोर दिया गया।



जनसुनवाई के दौरान कई लोगों ने स्थानीय स्तर की समस्याओं और पुलिस कार्रवाई से जुड़े मामलों को भी रखा। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों और अधिकारियों से मामलों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मामलों में तत्काल कार्रवाई की जाए और पीड़ित पक्ष को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। जिन मामलों में जांच चल रही है, उनमें प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए।

## 25 हजार के इनामिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

# लूटकांड का फरार इनामिया गिरफ्तार पुलिस ने दबोचा

तमसा संकेत, संवाददाता

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। व्यापारियों के साथ हुई लूट के मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त तबरेज अहमद को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को उस समय पकड़ा गया जब वह न्यायालय परिसर के गेट नंबर-1 (घोड़े वाला चौराहा) के पास मौजूद था और सरेंडर करने की तैयारी में था।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

मामला 11 अप्रैल का है, जब नेवारी दुराजपुर गांव निवासी व्यापारी रईस अहमद और हंसवर निवासी मोहम्मद जलाल से बिड़हर पुल के पास लूट की बड़ी वारदात हुई थी। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। जांच के दौरान तबरेज अहमद का नाम सामने आया, जिसके बाद से पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी न्यायालय परिसर के पास मौजूद है। इसके बाद उप निरीक्षक चंद्रकांत सिंह, कृष्ण यादव, योगेंद्र विक्रम सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद यादव, कांस्टेबल रामप्रवेश यादव, बृजेश मौर्य, शक्ति यादव, रौनक यादव, अंशू यादव और महिला आरक्षी ज्योति व वर्षा की टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस का कहना है कि लूटकांड में शामिल अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है और फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है।

प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।




**पुलिस के अनुसार आरोपी से अब तक लगभग 9 लाख रुपये की बरामदगी की जा चुकी है। ताजा गिरफ्तारी के दौरान भी पुलिस ने एक लाख 51 हजार 500 रुपये की नकदी बरामद की है।**

### लंबे समय से था फरार, घोषित था इनाम

आरोपी तबरेज अहमद पुत्र परवेज, निवासी मखदूम नगर एनटीपीसी अलीगंज, लूट की घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उसके खिलाफ अलीगंज थाने में लूट और आर्म्स एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है।

# शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का आगमन, गौ सेवा पर दिया संदेश

## काफिले के पहुंचते ही हुआ भव्य स्वागत

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । रामनगर पुरानी बाजार में मंगलवार को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का आगमन हुआ। दोपहर करीब 2 बजे काफिला पहुंचते ही श्रद्धालुओं ने जयघोष किया और पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बन गया।

कार्यक्रम स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और धर्मप्रेमियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। जैसे-जैसे समय आगे बढ़ा, भीड़ लगातार बढ़ती गई। नगर के कई गणमान्य लोग भी स्वागत के लिए मौजूद रहे।

शंकराचार्य के स्वागत में हेमंत सिंह यादव, चंद्रसेन यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष राज बहादुर यादव, दुष्यंत यादव, निष्कर्ष यादव और बहादुर यादव सहित कई लोगों ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान पूरा वातावरण धार्मिक उत्साह से भर गया।



अपने संबोधन में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने गौ सेवा और गौ रक्षा को भारतीय संस्कृति और राष्ट्र धर्म का आधार बताया। उन्होंने कहा कि गौ माता भारतीय सनातन परंपरा की पहचान हैं और उनकी सेवा ही राष्ट्र सेवा का सबसे बड़ा रूप है।

उन्होंने समाज से गौ संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की और भारतीय परंपराओं को सुरक्षित रखने पर जोर दिया।

शंकराचार्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमेशा करुणा, सेवा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। उन्होंने युवाओं से अपनी जड़ों और धार्मिक मूल्यों से जुड़े रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नगरवासी, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी, धर्मप्रेमी और विभिन्न संगठनों के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने शंकराचार्य के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# आजमगढ़ में लाठी-डंडे से पीटकर पट्टीदार की हत्या

## पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया

तमसा संकेत, एजेंसी

आजमगढ़। आजमगढ़ के बिंद्रा बाजार रानीपुर रजमो में पट्टीदारों के बीच आपसी विवाद को लेकर जमकर मारपीट का मामला सामने आया है। इस मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने के बाद जिले के एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर पुलिस कर्मियों को घटना के खुलासे का निर्देश दिया।

इसके साथ ही मौके पर शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पीएसी को तैनात का दिया गया है। इस घटना के बारे में यह बात सामने आई है कि दोनों पट्टी दारों की कॉस्मेटिक की दुकान थी ऐसे में ग्राहकों को बुलाने को लेकर कई बार दोनों पक्षों के बीच विवाद हो चुका था। मामला गंभीरपुर थाना क्षेत्र का है। गंभीरपुर थाना क्षेत्र के बिंद्रा बाजार रानीपुर राजमा के रहने वाले सूरज मोदनवाल का अपने पाटीदार गोलू मोदनवाल से ग्राहकों को बुलाने को लेकर लंबे समय से विवाद होता रहता था। इसी विवाद के चलते सोमवार की देर रात्रि दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट भी हुई। इस मामले में पुलिस को दिए शिकायती पत्र में अनुज मोदनवाल ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी गोलू पुत्र शिवलाल मोदनवाल, शैलेंद्र मोदनवाल शिवप्रसाद और शिव प्रकाश सहित बड़ी संख्या में लोग मिलकर जान से मारने की नीयत से लाठी डंडे और लोहे के रॉड से पिता सूरज मोदनवाल पर हमला कर दिया।



अभियान : नगर पालिका की कार्रवाई से सार्वजनिक मार्ग हुआ साफ

# शिक्षक कॉलोनी मार्ग पर अतिक्रमण हटाया

- पुलिस बल की मौजूदगी में हुई कार्रवाई
- सकारात्मक पहल और आगे की योजना

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर । अकबरपुर नगर पालिका प्रशासन ने शिक्षक कॉलोनी मार्ग पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान फुटपाथ पर बनाई जा रही बाउंड्रीवाल के कुछ हिस्सों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया और मार्ग को आवागमन के लिए सुचारु कराया गया। नगर क्षेत्र में चल रहे अतिक्रमण नियंत्रण अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अधिशासी अधिकारी बीना सिंह ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य शहर को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाना है। सार्वजनिक हित में नियमों का पालन कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।उन्होंने यह भी संकेत दिए कि भविष्य में भी जहां-जहां अवैध अतिक्रमण पाया जाएगा, वहां इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।



### नोटिस के बाद भी जारी था निर्माण कार्य

नगर पालिका के अनुसार संबंधित भू-स्वामी को कई बार नोटिस जारी कर निर्माण कार्य रोकने और नियमों के अनुसार निर्माण कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद फुटपाथ को तोड़कर बाउंड्रीवाल बनाने का कार्य जारी रहा, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों ने बताया कि मार्ग पर धीरे-धीरे सार्वजनिक जगह कम होती जा रही थी, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा था।

> “कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा। जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया गया और मार्ग को साफ कराया गया।

### नाली निर्माण में भी आ रही थी बाधा

अधिशासी अधिकारी बीना सिंह ने बताया कि अवैध निर्माण के कारण नाली निर्माण और जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं होती तो क्षेत्र में जलभराव और सफाई संबंधी समस्याएं बढ़ सकती थीं।

उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में सड़क की सीमा से कम से कम तीन फीट पीछे निर्माण जरूरी है, ताकि फुटपाथ और सार्वजनिक उपयोग की जगह सुरक्षित रह सके।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान मेडल और प्रशस्ति पत्र दिया गया

## पायनियर कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में आयोजित कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । न्योरी बाजार स्थित पायनियर कंप्यूटर इंस्टिट्यूट में मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दुष्यंत कुमार और संतोष सरोज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दुष्यंत कुमार ने कहा कि केवल प्रमाण पत्र योग्यता की पुष्टि करते हैं, लेकिन वास्तविक सफलता तब मिलती है जब ज्ञान को व्यवहार में उतारा जाए। उन्होंने छात्रों से लक्ष्य निर्धारित कर लगातार प्रयास करने की अपील की। साथ ही कहा कि जब तक सफलता न मिले, तब तक प्रयास नहीं छोड़ना चाहिए।




मुख्य अतिथि संतोष सरोज ने कहा कि आज के समय में तकनीकी शिक्षा रोजगार का प्रमुख साधन है। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीकी कौशल को जीवन में अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बदलते समय में कंप्यूटर शिक्षा और तकनीकी ज्ञान बेहद जरूरी हो गया है। कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्रेया पांडे और वर्षा निषाद को सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर सविता निषाद और रणजीत यादव तथा तृतीय स्थान पर अंशिका और ध्रुव यादव को मेडल, प्रशस्ति पत्र और अंग वस्त्र प्रदान किए गए।

# सम्पादकीय

## जेल और जमानत



सुप्रीम कोर्ट ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून यानी यूएपीए के एक मामले में आतंकी फंडिंग और ड्रग्स तस्करी के आरोपित को जमानत देते हुए जिस तरह यह कहा कि इस कानून के तहत भी जमानत नियम है और जेल अपवाद, उस पर इसलिए बहस छिड़ना तय है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की ही एक अन्य पीठ ने दिल्ली दंगों के आरोपितों उमर खालिद और शरजील इमाम को जेल अपवाद और बेल नियम वाले सिद्धांत से परे हटते हुए जमानत देने से मना कर दिया था। इतना ही नहीं, इस दो सदस्यीय पीठ ने इन दोनों को एक वर्ष तक दोबारा जमानत मांगने से भी रोक दिया था।

ताजा मामले में दो सदस्यीय पीठ ने पुरानी पीठ के निष्कर्ष से असहमति जताते हुए यह रेखांकित किया कि किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता को केवल इसलिए अनिश्चितकाल तक नहीं छीना जा सकता, क्योंकि उस पर यूएपीए जैसा कानून लगाया गया है। इस पीठ ने पुरानी पीठ के फैसले को रद तो नहीं किया, लेकिन एक तरह से उस पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि जेल अपवाद और बेल नियम महज एक नारा नहीं, बल्कि कानूनी स्थिति है। इससे यही ध्वनित हो रहा है कि वर्तमान पीठ की दृष्टि में उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत न देने वाली पीठ का फैसला सही नहीं था। चूंकि दोनों ही फैसले दो सदस्यीय पीठ के हैं, इसलिए किसी निर्णायक निष्कर्ष पर पहुंचना कठिन है।

उचित यह होगा कि जेल अपवाद और बेल नियम वाले सिद्धांत को कोई संविधान पीठ संबोधित करे। पता नहीं ऐसा होगा या नहीं, लेकिन इतना तो है ही कि हर मामले में जेल अपवाद और बेल नियम के सिद्धांत को लागू करना ठीक नहीं होगा। यह मामले विशेष की प्रकृति और आरोपों की गंभीरता पर निर्भर करना चाहिए, क्योंकि कई मामलों में यह देखने को मिला कि आरोपित जमानत पाने के बाद फिर से आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हो गया।

कुछ मामले तो ऐसे भी रहे, जिनमें आरोपित ने वही संगीन अपराध फिर से अंजाम दिया, जिसके आरोप में उसकी गिरफ्तारी हुई थी और वह जेल अपवाद-बेल नियम वाले सिद्धांत के तहत जमानत पा गया था। स्पष्ट है कि प्रत्येक मामले को एक ही कसौटी पर कसना सही नहीं। उच्चतर न्यायपालिका और विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट की ओर से प्रायः जेल अपवाद-बेल नियम के सिद्धांत का हवाला इस आधार पर दिया जाता है कि दोषी सिद्ध न होने तक हर कोई निर्दोष है।

इसके अतिरिक्त अधिकतर मामलों में आरोपितों को जमानत इसलिए मिल जाती है, क्योंकि ट्रायल शुरू होने में बहुत देर हो रही होती है। उक्त मामले में भी ऐसा ही था। विडंबना यह है कि ट्रायल में देरी की समस्या के समाधान को लेकर कोई ठोस प्रयत्न नहीं किए जा रहे हैं। इससे भी बड़ी विडंबना यह है कि ऐसा गंभीर मामलों में और यहां तक कि आतंक से जुड़े मामलों में भी हो रहा है।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना ने सोनभद्र के उत्कर्ष कुमार को बनाया मसाला व्यवसायी

उत्तर प्रदेश के युवा आज अपनी आत्मनिर्भरता की एक नई इबारत लिख रहे हैं। प्रदेश सरकार की दूरदर्शी नीतियों और योजनाओं ने राज्य के युवाओं को न केवल बड़े सपने देखने का हौसला दिया है बल्कि उन सपनों को धरातल पर उतारने के लिए एक मजबूत मंच भी प्रदान किया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए उम्मीद, आत्मविश्वास और स्वावलंबन का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। यह योजना केवल वित्तीय सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं के भीतर छिपे उद्यमशीलता के भाव को जगाकर उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने का एक महाभियान बन चुकी है।

इस महत्वाकांक्षी योजना का सबसे सुंदर और प्रभावी रूप तब देखने को मिलता है जब सुदूर जनपदों के प्रतिभावान युवा इसका लाभ उठाकर अपने जीवन की दिशा बदलते हैं। जनपद सोनभद्र के घोरावल निवासी उत्कर्ष कुमार की कहानी इस बदलाव का एक जीवंत और अनुपम उदाहरण है। एक सामान्य परिवार में जन्मे उत्कर्ष कुमार ने बचपन से ही पारिवारिक जिम्मेदारियों और सीमित संसाधनों के बीच संघर्ष को बेहद करीब से देखा था। आर्थिक परिस्थितियां भले ही अनुकूल नहीं थीं, लेकिन उनके भीतर अपने दम पर जीविका आधार स्थापित करने की दृढ़ता थी।

उत्कर्ष कुमार की सोच में हमेशा से स्व-उद्योग इच्छा थी। उनका मानना था कि नौकरी की तलाश में भटकने से कहीं बेहतर है कि स्वयं का कोई व्यवसाय स्थापित किया जाए, जिससे न केवल खुद का भविष्य सुरक्षित हो बल्कि दूसरों को भी सहारा मिल सके। हालांकि, इस नेक और बड़े विचार को धरातल पर उतारने के लिए जिस भारी-भरकम पूंजी की आवश्यकता थी, वही उनके मार्ग की सबसे बड़ी बाधा बनी हुई थी। संसाधनों के अभाव में उनके कई शुरुआती प्रयास विफल रहे, लेकिन उन्होंने उद्यम स्थापित करने के प्रयासों को जारी रखा। इसी संघर्ष के दौरान उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। इस योजना ने उन्हें एक बड़ा संबल प्रदान किया।

# दवा के नाम पर मौत, इलाज के नाम पर भय कब तक?



> 66 भारत आज विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2047 तक स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत, समृद्ध भारत और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए अनेक योजनाएं बनाई जा रही हैं।



किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी सेना, अर्थव्यवस्था, तकनीकी उपलब्धियों या ऊंची इमारतों से नहीं मापी जाती, बल्कि इस बात से मापी जाती है कि वह अपने नागरिकों के जीवन, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति कितना संवेदनशील है। स्वास्थ्य व्यवस्था किसी भी देश की आत्मा होती है। अस्पताल केवल भवन नहीं होते, वे जीवन की उम्मीद के केंद्र होते हैं। डॉक्टर केवल पेशेवर व्यक्ति नहीं होता, वह मौत और जीवन के बीच खड़ा वह संवेदनशील रक्षक होता है, जिस पर मनुष्य सबसे अधिक विश्वास करता है। लेकिन जब यही स्वास्थ्य व्यवस्था भ्रष्टाचार, फर्जीवाड़े, मुनाफाखोरी और अनैतिकता की गिरफ्त में आ जाए, तब समाज का विश्वास टूटने लगता है और चारों तरफ अंधेरा ही अंधेरा दिखाई देने लगता है। आज भारत में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी जो घटनाएं सामने आ रही हैं, विशेषकर मध्यप्रदेश और राजस्थान की घटनाओं ने इसी भयावह यथार्थ को उजागर किया है।

आर्थिक प्रगति, डिजिटल क्रांति, आधारभूत ढांचे का विस्तार, तकनीकी उन्नयन और वैश्विक मंचों पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा आशा जगाती है। लेकिन इसी बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में बढ़ती धांधलियां, फर्जी डॉक्टरों की नियुक्तियां, नकली दवाओं का कारोबार, अस्पतालों में मुनाफाखोरी और चिकित्सा सेवाओं का व्यवसायीकरण इस विकास यात्रा पर गहरे प्रश्नचिह्न खड़े कर रहे हैं। यदि नागरिकों का जीवन ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो विकास के सारे दावे खोखले प्रतीत होंगे। मध्यप्रदेश के दमोह और जबलपुर के सरकारी अस्पतालों में फर्जी डॉक्टरों की नियुक्तियों का खुलासा किसी एक राज्य की प्रशासनिक विफलता नहीं, बल्कि पूरे स्वास्थ्य तंत्र की कमजोरी का प्रतीक है। इससे भी अधिक चिंताजनक मामला राजस्थान मेडिकल काउंसिल में सामने आया, जहां ऐसे लोगों को डॉक्टर के रूप में पंजीकृत कर दिया गया जिन्होंने न मेडिकल शिक्षा प्राप्त की और न ही आवश्यक इंटर्नशिप की। यह केवल कागजी अनियमितता नहीं, बल्कि लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने वाला गंभीर अपराध है। एक अयोग्य व्यक्ति जब डॉक्टर बनकर मरीजों के सामने बैठता है, तब वह इलाज नहीं करता, बल्कि मानव जीवन पर प्रयोग करता है, उसके कारण जिंदगी मौत में बदल जाती है।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि ऐसे लोग व्यवस्था में प्रवेश कैसे कर जाते हैं? क्या कोई व्यक्ति अकेले इतना बड़ा फर्जीवाड़ा कर सकता है? निश्चित रूप से नहीं। इसके पीछे सत्यापन तंत्र की विफलता, विभागीय मिलीभगत और संस्थागत भ्रष्टाचार की परतें मौजूद होती हैं। जब मेडिकल काउंसिल, अस्पताल प्रशासन और परीक्षा एवं पंजीयन संस्थाओं की भूमिका संदेह के घेरे में आ जाए, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि बीमारी केवल व्यक्ति में नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था में फैल चुकी है। आज चिकित्सा क्षेत्र का संकट केवल फर्जी डॉक्टरों तक सीमित नहीं है। निजी अस्पतालों में मुनाफाखोरी ने स्वास्थ्य सेवा के मानवीय स्वरूप को गंभीर क्षति पहुंचाई है। मरीज की विवशता को आर्थिक अवसर में बदल देने की प्रवृत्ति बढ़ी है। अनेक मामलों में अनावश्यक जांचें कराना, जरूरत न होने पर मरीजों को आईसीयू में भर्ती करना, वेंटिलेटर पर रखना, अत्यधिक बिल बनाना और उपचार को लंबा खींचना आम शिकायतें बन चुकी हैं। मरीज अस्पताल में इलाज के लिए जाता है, लेकिन कई बार आर्थिक और मानसिक शोषण का शिकार होकर लौटता है। चिकित्सा सेवा का मूल उद्देश्य पीड़ा दूर करना था, लेकिन कई स्थानों पर वह व्यापार और लाभ कमाने का माध्यम बन गई है। सरकारी अस्पतालों की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। गरीब और जरूरतमंद नागरिकों के लिए बने इन संस्थानों में संसाधनों की कमी, कर्मचारियों की लापरवाही, भ्रष्टाचार और बिचौलियों की दखलअंदाजी ने व्यवस्था को कमजोर किया है। कई बार मुफ्त दवाएं मरीजों तक नहीं पहुंचतीं, मशीनें अनुपयोगी पड़ी रहती हैं, जांचों में देरी होती है और मरीज अस्पतालों के चक्कर लगाते-लगाते टूट जाता है। गरीब व्यक्ति के लिए बीमारी केवल शारीरिक पीड़ा नहीं रहती, बल्कि आर्थिक और मानसिक संकट भी बन जाती है। आज एक और गंभीर संकट सामने आया है-डॉक्टर बनने की अंधी दौड़ और शॉर्टकट संस्कृति। नीट जैसी परीक्षाओं में धांधलियों ने पहले ही देश को झकझोर दिया है। यदि प्रवेश प्रक्रिया ही संदिग्ध हो जाए और उसके बाद फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टर व्यवस्था में प्रवेश करने लगें, तो यह पूरे चिकित्सा तंत्र की विश्वसनीयता को समाप्त कर देगा। डॉक्टर बनने के पीछे वर्षों की कठिन पढ़ाई, प्रशिक्षण, अनुशासन और संवेदनशीलता की साधना होती है। लेकिन यदि इस प्रक्रिया को धन, भ्रष्टाचार और जालसाजी से बदल दिया जाएगा तो परिणाम केवल भयावह ही होंगे। यह स्थिति केवल स्वास्थ्य संकट नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक विश्वास का संकट भी है। जब नागरिक डॉक्टर की योग्यता पर संदेह करने लगें, अस्पतालों में भय के साथ प्रवेश करें और दवा खरीदते समय उसकी प्रामाणिकता को लेकर आशंकित रहें, तब यह किसी भी राष्ट्र के लिए खतरनाक संकेत है। स्वास्थ्य व्यवस्था में विश्वास टूटना समाज की आत्मा पर चोट पहुंचाने जैसा है। दुनिया के विकसित देशों में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े अपराधों को अत्यंत गंभीर माना जाता है। वहां फर्जी चिकित्सकों को केवल नौकरी से नहीं हटाया जाता, बल्कि आजीवन प्रतिबंध, भारी आर्थिक दंड और आपराधिक मुकदमों का सामना करना पड़ता है। कई देशों में डॉक्टरों के पंजीकरण और प्रमाणपत्रों का नियमित सत्यापन होता है तथा डिजिटल निगरानी व्यवस्था इतनी मजबूत होती है कि फर्जीवाड़े की संभावना बहुत कम रह जाती है। इसके विपरीत भारत में कई बार जांच प्रक्रिया लंबी, जटिल और धीमी होती है। वर्षों तक जांच चलती रहती है और दोषी बच निकलते हैं। यह व्यवस्था अपराधियों में भय नहीं, बल्कि निर्भीकता पैदा करती है। अब समय केवल चिंता व्यक्त करने या औपचारिक आश्वासनों का नहीं, बल्कि निर्णायक और कठोर कदम उठाने का है। देश के प्रत्येक पंजीकृत डॉक्टर का लाइव डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाना चाहिए, जहां कोई भी नागरिक एक क्लिक पर डॉक्टर की योग्यता, पंजीकरण संख्या, मेडिकल कॉलेज और सेवा विवरण की पुष्टि कर सके।

**ललित गर्ग**

## मंत्रियों, सांसदों और ...

डॉ. शैलेश शुक्ला

# 'सत्ता में सादगी : संयमित सांसदों एवं विधायकों से समृद्ध लोकतंत्र की स्वर्णिम संहिता'



भारत एक लोकतांत्रिक राष्ट्र है जहाँ जनता अपने प्रतिनिधियों को इस विश्वास के साथ चुनती है कि वे राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जनसेवा का कार्य करेंगे। मंत्री, सांसद और विधायक लोकतंत्र की उस व्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं जिन पर शासन और नीति निर्माण की जिम्मेदारी होती है। किंतु समय के साथ यह चिंता भी लगातार बढ़ती जा रही है कि जनप्रतिनिधियों पर होने वाला सरकारी खर्च असामान्य रूप से बढ़ता जा रहा है। यह खर्च केवल वेतन और भत्तों तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें सरकारी आवास, सुरक्षा, यात्रा, वाहनों के काफिले, स्वागत समारोह, विदेश यात्राएँ, प्रचार गतिविधियाँ और अनेक प्रकार की सुविधाएँ भी शामिल हैं। जब देश का सामान्य नागरिक महँगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याओं से संघर्ष कर रहा हो, तब जनता स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न पूछती है कि क्या जनप्रतिनिधियों के खर्चों में संयम और कटौती की आवश्यकता नहीं है। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल शासन करना नहीं, बल्कि अपने आचरण से जनता के लिए आदर्श प्रस्तुत करना भी होता है। इसलिए यदि मंत्री, सांसद और विधायक स्वयं सादगी अपनाएँ, तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे समाज पर पड़ेगा। भारत जैसे विकासशील देश में संसाधन सीमित हैं और आवश्यकताएँ अत्यधिक व्यापक हैं। सरकार हर वर्ष लाखों करोड़ रुपये शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, कृषि, सड़क, बिजली और सामाजिक कल्याण योजनाओं पर खर्च करती है। इसके बावजूद देश के अनेक हिस्सों में आज भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव दिखाई देता है। कई सरकारी विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं, अस्पतालों में दवाओं और उपकरणों की कमी है, किसानों को सिंचाई और उचित मूल्य की समस्या झेलनी पड़ती है तथा युवा रोजगार के लिए संघर्ष करते हैं। ऐसे समय में यदि जनता यह देखती है कि जनप्रतिनिधियों पर अत्यधिक खर्च किया जा रहा है, तो उसके मन में असंतोष उत्पन्न होना स्वाभाविक है। लोकतंत्र की मजबूती केवल चुनावों से नहीं होती, बल्कि जनता के विश्वास से होती है, और यह विश्वास तभी मजबूत होगा जब जनता को यह महसूस हो कि उसके प्रतिनिधि भी उसी संवेदनशीलता और सादगी के साथ जीवन जी रहे हैं जिसकी अपेक्षा आम नागरिकों से की जाती है। पिछले कुछ वर्षों में यह प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है कि राजनीति में दिखावा और वैभव शक्ति के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किए जाने लगे हैं। लंबे वाहन काफिले, अत्यधिक सुरक्षा व्यवस्था, भव्य कार्यक्रम, महंगे सरकारी आवास और अत्यधिक प्रचार ने राजनीति की छवि को जनसेवा से अधिक विशेषाधिकारों से जोड़ दिया है। कई बार ऐसा प्रतीत होता है कि जनता के प्रतिनिधि जनता से दूर होते जा रहे हैं। यह स्थिति लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए शुभ संकेत नहीं है। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों और जनता के बीच जितनी अधिक निकटता होगी, शासन उतना ही अधिक उत्तरदायी और संवेदनशील होगा। यदि मंत्री और विधायक सादगीपूर्ण जीवन शैली अपनाएँ, सामान्य वाहनों का उपयोग करें, अनावश्यक काफिलों और दिखावे से बचें, तो जनता में उनके प्रति सम्मान और विश्वास दोनों बढ़ेंगे।

मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के खर्चों में कटौती की आवश्यकता केवल आर्थिक कारणों से नहीं, बल्कि नैतिक कारणों से भी है। सार्वजनिक जीवन में नैतिक अनुशासन लोकतंत्र की आत्मा होता है। यदि देश का नेतृत्व स्वयं संयम नहीं अपनाएगा, तो जनता को मितव्ययिता और बचत का संदेश प्रभावी ढंग से नहीं दिया जा सकेगा। आज सरकारें नागरिकों से बिजली बचाने, पानी बचाने, ईंधन बचाने और संसाधनों का सीमित उपयोग करने की अपील करती हैं। किंतु यदि जनप्रतिनिधियों का जीवन अत्यधिक विलासिता और अपव्यय का प्रतीक बना रहेगा, तो जनता पर इन संदेशों का नैतिक प्रभाव कम हो जाएगा। इसलिए आवश्यक है कि बचत और सादगी की शुरुआत शीर्ष स्तर से हो। इस दिशा में सबसे पहला कदम यह हो सकता है कि मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों की अनावश्यक सुविधाओं की व्यापक समीक्षा की जाए। कई बार एक ही व्यक्ति के लिए अनेक वाहन, अत्यधिक कर्मचारी और बड़ी सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है, जबकि उसकी वास्तविक आवश्यकता सीमित होती है।

## पेट्रोल के साथ...

अशोक भाटिया

# आम जनता को लगा बड़ा झटका, एक हफ्ते में दूसरी बार महंगे हुए पेट्रोल और डीजल



आम जनता को महंगाई का एक और बड़ा झटका लगा है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। एक हफ्ते के भीतर कीमतों में यह दूसरी बड़ी बढ़ोतरी है, जिसके कारण दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई समेत देश के सभी प्रमुख शहरों में ईंधन के दाम काफी बढ़ गए हैं। इस कारण आम जनता की जेब पर एक बार फिर महंगाई का बड़ा बोझ बढ़ गया है। तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 90 पैसे प्रति लीटर की भारी बढ़ोतरी कर दी है। आम लोगों के लिए चिंता की बात यह है कि एक हफ्ते के भीतर ईंधन की कीमतों में की गई यह दूसरी बड़ी बढ़ोतरी है। इस नए बदलाव के बाद देश के चारों प्रमुख महानगरों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में पेट्रोल और डीजल खरीदना पहले से महंगा हो गया है। लगातार बढ़ते दामों के कारण आम आदमी के घर का बजट पूरी तरह से गड़बड़ाने लगा है और आने वाले दिनों में ट्रांसपोर्टेशन लागत बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में इस नई बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल की कीमत में 87 पैसे का उछाल आया है। इस बढ़ोतरी के साथ ही दिल्ली में अब एक लीटर पेट्रोल का भाव बढ़कर 98।64 रुपये पर पहुंच गया है। वहीं अगर कोलकाता की बात करें तो वहां पेट्रोल की कीमतों में सबसे अधिक 96 पैसे की तेजी दर्ज की गई है। इस बड़ी बढ़त के बाद कोलकाता में अब पेट्रोल खरीदारों को एक लीटर के लिए 109।70 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं। इन दोनों ही बड़े शहरों में लगातार बढ़ रही कीमतें मध्यम वर्ग के लिए बड़ी परेशानी खड़ी कर रही हैं। वैसे देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पेट्रोल के दाम हमेशा से ही ऊंचे रहे हैं और इस बार भी यहां बड़ा झटका लगा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमतों में 91 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है, जिसके बाद यहां नया रेट बढ़कर 107।59 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। दक्षिण भारत के प्रमुख महानगर चेन्नई में भी पेट्रोल की कीमतों में राहत नहीं मिली है। चेन्नई में पेट्रोल के दाम में 82 पैसे की बढ़ोतरी हुई है और अब वहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत 104।49 रुपये हो गई है।


पेट्रोल के साथ-साथ डीजल की कीमतों में भी तेल कंपनियों ने बड़ा बदलाव किया है, जिसका सीधा असर कमर्शियल वाहनों और माल ढुलाई पर पड़ेगा। राजधानी दिल्ली में डीजल की कीमत में 91 पैसे की बढ़ोतरी हुई है, जिससे यहां नया दाम 91।58 रुपये प्रति लीटर हो गया है। वहीं कोलकाता में डीजल के दाम 94 पैसे बढ़कर 96।07 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गए हैं। मुंबई में भी डीजल की कीमतों में 94 पैसे की ही भारी बढ़ोतरी देखी गई है, जिसके बाद वहां एक लीटर डीजल का भाव 94।08 रुपये हो गया है। चेन्नई में डीजल की कीमत में 86 पैसे की बढ़ोतरी हुई है और वहां अब नया रेट 96।11 रुपये प्रति लीटर पर आ गया है। आम उपभोक्ताओं के लिए सबसे बड़ी परेशानी यह है कि यह बढ़ोतरी बहुत ही कम समय के भीतर हुई है।

## जरा हटके

## इस परियोजना के...

इंजेश सिंह

# सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना के पूर्ण होने से पूर्वांचल के किसानों की समृद्धि का खुला द्वार



उत्तर प्रदेश के पूर्वी अंचल को सिंचाई सुविधा से सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रारम्भ की गई सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना आज देश की सबसे महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं में गिनी जाती है। यह परियोजना केवल एक जल प्रबंधन योजना नहीं, बल्कि करोड़ों किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने वाली विकास गाथा है। दशकों तक लंबित रहने के बाद इस परियोजना को गति देकर पूर्ण कराया गया, जिससे पूर्वांचल के किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकी और कृषि उत्पादन में व्यापक वृद्धि का मार्ग प्रशस्त हुआ है। सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना का उद्देश्य पूर्वी उत्तर प्रदेश में घाघरा, सरयू, राप्ती, बाणगंगा तथा रोहिन नदियों के जल का समुचित उपयोग करते हुए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करना है। इस परियोजना के माध्यम से प्रदेश के 09 जनपदों बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज एवं गोरखपुर को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो रहा है। इन क्षेत्रों में वर्षों से किसान वर्षा आधारित खेती पर निर्भर थे, जिसके कारण उत्पादन क्षमता सीमित रहती थी। परियोजना पूर्ण होने के बाद अब इन जिलों में खेती अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित और लाभकारी बन गई है।

सरयू नहर परियोजना का प्रारम्भ वर्ष 1978 में हुआ था। इसका प्रस्तावित सीसीए (कल्टिवेबल कमांड एरिया) 11.29 लाख हेक्टेयर निर्धारित किया गया था, जबकि अब सिंचन क्षमता लगभग 14.04 लाख हेक्टेयर तय की गई है। इतनी विशाल सिंचाई क्षमता वाली यह परियोजना पूर्वांचल की कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने वाली सिद्ध हुई है। इस परियोजना के अंतर्गत दो प्रमुख बैराजों का निर्माण किया गया है, जिसमें सरयू बैराज तथा राप्ती बैराज है। इसके अतिरिक्त चार महत्वपूर्ण पम्प नहर प्रणालियों अयोध्या पम्प कैनाल, गोला पम्प कैनाल, उतरौला पम्प कैनाल एवं डुमरियागंज पम्प कैनाल का निर्माण भी किया गया है। इन संरचनाओं ने जल वितरण प्रणाली को मजबूत बनाते हुए दूरस्थ क्षेत्रों तक सिंचाई जल पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

इस परियोजना के तहत लगभग 6362 किलोमीटर लंबाई की नहरों का निर्माण कराया गया। साथ ही लगभग 3817 किलोमीटर लंबाई में ड्रेनों का भी निर्माण कर जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इससे जलभराव और बाढ़ जैसी समस्याओं से स्थानीय निवासियों को राहत मिली है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में हर वर्ष आने वाली बाढ़ किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुँचाती थी, लेकिन ड्रेनेज व्यवस्था के निर्माण से अब जल प्रबंधन अधिक वैज्ञानिक और तकनीकी ढंग से निर्मित हुआ है। इस परियोजना का सबसे बड़ा लाभ किसानों को मिला है। इस नहर से लगभग 29 लाख किसान प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हुए हैं। सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने से अब किसान केवल परंपरागत फसलों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि वे बहुफसली खेती, दलहन, तिलहन, सब्जी एवं नकदी फसलों की खेती भी करने लगे हैं। इससे उनकी आय में वृद्धि हुई है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

सरयू नहर परियोजना की यात्रा आसान नहीं रही। मूल परियोजना वर्ष 1978 के आधार पर वर्ष 1982 में लगभग 299.20 करोड़ रुपये की लागत से अनुमोदित हुई थी। समय के साथ लागत में कई बार संशोधन किए गए। वर्ष 2002 में प्रथम पुनरीक्षण के दौरान इसकी लागत बढ़कर लगभग 2765.18 करोड़ रुपये हो गई। वर्ष 2010 में द्वितीय पुनरीक्षण के अंतर्गत यह लागत लगभग 7270.29 करोड़ रुपये तक पहुँची, जबकि वर्ष 2017 में तृतीय पुनरीक्षण के तहत लगभग 9802.68 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। अंततः इस परियोजना की कुल लागत लगभग 10184.93 करोड़ रुपये रही। इस परियोजना के निर्माण में अनेक प्रशासनिक और तकनीकी चुनौतियाँ भी सामने आईं। राप्ती मुख्य नहर एवं अन्य वितरण प्रणालियों के समरेखन में वन विभाग की भूमि, रेलवे पुलों तथा राष्ट्रीय राजमार्गों से संबंधित अवरोध उपस्थित थे। विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने और समन्वय स्थापित करने के बाद निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया गया। यह परियोजना विभिन्न विभागों के सामूहिक प्रयास, तकनीकी दक्षता और प्रशासनिक इच्छाशक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आई।

वर्ष 2015 में सरयू नहर परियोजना के महत्व को देखते हुए भारत सरकार के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसे प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (च्ड्रझैल्) के अंतर्गत देश की 99 महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल किया। इसके बाद परियोजना को नई गति मिली और निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराया गया। केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से वर्षों से लंबित यह परियोजना निर्धारित लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ी और पूर्ण हुई। 11 दिसंबर 2021 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना का लोकार्पण किया गया। यह अवसर पूर्वांचल के किसानों के लिए ऐतिहासिक क्षण था। दशकों का इंतजार समाप्त हुआ और लाखों किसानों को स्थायी सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त हुआ।

## घर से ऑफिस के लिए निकली थी, सुशांत गोल्फ सिटी के जंगल में मिला शव, युवक हिरासत में

# सगाई के 4 दिन बाद युवती की हत्या

**वारदात**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में सगाई के चार दिन बाद एक लड़की की हत्या का मामला सामने आया है। लड़की घर से ऑफिस जाने के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। सोमवार सुबह 8 बजे उसका शव सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के जंगल में मिला। राहगीरों की नजर पड़ी तो पुलिस को सूचना दी। इलाके में हड़कंप मच गया।

पुलिस की शुरुआती जांच में हत्या के बाद लाश फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में मॉर्च्यूरी भिजवाया और शिनाख्त शुरू की। इस बीच सोमवार को दोपहर के वक्त जब परिजन गुमशुदगी दर्ज कराने थाने पहुंचे, तब पुलिस ने उन्हें लाश की तस्वीर दिखाई। मां ने तस्वीर देखकर बेटी शिवानी सिंह (22) की शिनाख्त की। पुलिस एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। परिजनों ने बताया- शिवानी की चार दिन पहले यानी 14 मई को सगाई हुई थी।



शिवानी सिंह, मृतका

### 14 मई को हुई थी सगाई, घर में चल रही थीं तैयारियां

शिवानी अपने माता-पिता और 19 साल की छोटी बहन के साथ एल्डिको उद्यान, रक्षा खंड में किराए के मकान में रहती थी। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। मां गीता (39) घरों में झाड़ू-पोछा का काम करती हैं, जबकि दीपू (42) शटरिंग का काम करते हैं। परिजनों के मुताबिक, शिवानी की 14 मई को प्रकाश नाम के लड़के से सगाई हुई थी। परिवार शादी की तैयारियों में जुटा था।



### सीसीटीवी और कॉल डिटेल खंगाल रही पुलिस

डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने बताया-शव की पहचान होने के बाद मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस लड़की की कॉल डिटेल, घर और दफ्तर के आसपास सीसीटीवी फुटेज, आखिरी लोकेशन के आधार पर सुराग जुटा रही है। फिलहाल हत्या के पीछे के कारण साफ नहीं हो सके हैं। पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करेगी।

### परिजनों ने एक युवक पर जताई आशंका

मृतका शिवानी एमआरएम ग्रुप में चैनल पार्टनर के रूप में कार्यरत थी। ऑफिस वृंदावन गेट नंबर 2 साई काम्प्लेक्स में ऑफिस है। घर से ऑफिस की दूरी तीन किलोमीटर है। परिजनों ने घर से 200 मीटर दूर रहने वाले लड़के प्रेम पर आशंका जताई है। परिजनों की आशंका पर पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया है। पूछताछ कर रही है जल्दी मामले का खुलासा हो जाएगा। बताया जा रहा है सगाई से पहले दोनों की बातचीत होती थी। प्रेम डिलीवरी बॉय का काम करता है।

**मृतक शिवानी की मां गीता सिंह ने बताया कि बेटी एक रियल एस्टेट कंपनी के ऑफिस में काम करती थी। रविवार को घर से ऑफिस जाने की बात कहकर निकली थी। देर रात तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। बाद में पुलिस के पास पहुंचे तो मौत की खबर लगी।**

# छात्रा को डार्लिंग कहने वाला प्रोफेसर सस्पेंड

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी छात्रा को डार्लिंग कहने वाले जूलॉजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. परमजीत सिंह को निलंबित कर दिया गया है। मंगलवार को विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से ये बड़ी कार्रवाई की गई।

दोपहर में कार्यपरिषद की आपात बैठक में डॉ. परमजीत सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने पर मुहर लगा दी गई। 3 सदस्यीय उच्चस्तरीय अनुशासन समिति की अंतरिम रिपोर्ट में उन पर छात्रा के यौन शोषण के प्रयास, प्रश्नपत्र लीक की बात स्वीकार करने, विश्वविद्यालय की साख को नुकसान पहुंचाने और UGC और विशाखा गाइडलाइंस के उल्लंघन जैसे गंभीर आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने आरोपी शिक्षक को आरोप-पत्र जारी कर 15 दिनों के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है। समयसीमा में संतोषजनक जवाब न मिलने पर सेवा समाप्ति जैसी कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।



प्रोफेसर डॉ. परमजीत सिंह, आरोपी

**■ लखनऊ विश्वविद्यालय की हाई कमेटी ने पाया दोषी, 15 दिन में देना होगा जवाब**

लखनऊ विश्वविद्यालय में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन कार्य समिति की बैठक हुई। इस बैठक में सबसे पहले सोमवार को बनाई गई डिसीप्लिनरी कमिटी की फाइंडिंग्स को रखा गया। इस दौरान 4 मुख्य आरोपों में असिस्टेंट प्रोफेसर को दोषी पाया गया।

**फास्ट न्यूज**

### लखनऊ के वजीरबाग में दो पक्षों में पथराव

लखनऊ। लखनऊ के सआदतगंज थाना क्षेत्र स्थित वजीरबाग इलाके में सोमवार तड़के युवकों के दो पक्षों में जमकर पथराव हुआ। दोनों तरफ से करीब 12 मिनट तक लगातार पत्थरबाजी होती रही। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सभी युवक फरार हो चुके थे। घटना का वीडियो सामने आया है। वीडियो सोमवार सुबह करीब 4:30 बजे का बताया जा रहा है।

### एक ही परिवार का अंतर्राज्यीय चोर गिरोह पकड़ा गया

मोहनलालगंज। दिन में बंद घरों की रेकी, रात में ताले तोड़कर लाखों के जेवर और नकदी पर हाथ साफ... और पहचान छिपाने के लिए सीसीटीवी का डीवीआर तक साथ ले जाते थे। लखनऊ पुलिस ने ऐसे ही एक अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है।

एक ही परिवार के चार शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। करीब 30 लाख रुपये के जेवरात, नकदी, बुलेट बाइक, स्कूटी, टीवी और डीवीआर बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी पहले भी कई चोरी और एनडीपीएस मामलों में जेल जा चुके हैं।

### लखनऊ में एसएसओ को बनाया बंधक

लखनऊ। भीषण गर्मी के बीच राजधानी में बिजली संकट गहराता जा रहा है। देर रात राजाजीपुरम क्षेत्र के आरडीएसओ उपकेंद्र पर बिजली कटौती से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित भीड़ ने उपकेंद्र का घेराव कर एसएसओ को बंधक बना लिया और लेसा अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

# एलडीए के लेक व्यू अपार्टमेंट में बुकिंग शुरू

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गोमती नगर के विराज खण्ड में अत्याधुनिक 'लेक व्यू अपार्टमेंट' परियोजना विकसित करने का निर्णय लिया है। इस आवासीय परियोजना में लगभग 2300 वर्गफीट वाले 646 प्रीमियम फ्लैट्स बनाए जाएंगे।

परियोजना को लेकर एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने आदेश जारी कर दिए हैं। फ्लैटों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 19 मई से 18 जून 2026 तक चलेगी। आवेदन केवल एलडीए की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

एलडीए के अनुसार, परियोजना में 19 मंजिला तीन भव्य टावर बनाए जाएंगे, जिनकी ऊंचाई लगभग 60 मीटर होगी। सभी फ्लैट 3 बीएचके के होंगे फ्लैट्स और प्रत्येक फ्लैट का सुपर एरिया 2340 वर्गफीट निर्धारित किया गया है। एक फ्लैट की कीमत लगभग 1.13 करोड़ रुपये तय की गई है। प्राधिकरण का दावा है कि गोमती नगर क्षेत्र में निजी बिल्डरों की तुलना में यह कीमत काफी किफायती होगी। इसमें आधुनिक जीवनशैली से जुड़ी तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। स्वीमिंग पूल, क्लब हाउस, पार्क, बच्चों के लिए प्ले एरिया, पावर बैकअप एक हजार से अधिक वाहनों की पार्किंग शामिल है।



**■ 18 जून तक होगा रजिस्ट्रेशन, 1.13 करोड़ में मिलेगा 3 बीएचके फ्लैट**

## 26 मई से प्रशासनिक समिति के हाथ आएगी कमान, यूपी कैबिनेट को प्रस्ताव भेजा

# यूपी में 57 हजार प्रधानों का कार्यकाल खत्म होगा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी की 57 हजार 695 ग्राम पंचायतों में प्रधानों का कार्यकाल 26 मई को खत्म हो जाएगा। लेकिन, पंचायत चुनाव कब होंगे? यह अभी तय नहीं है। ऐसे में पंचायतीराज विभाग ने ग्राम प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने के बाद कामकाज संभालने के लिए प्रशासक की नियुक्ति या प्रशासनिक समिति के गठन का प्रस्ताव कैबिनेट को भेजा है। पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन अभी तक नहीं हुआ। ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 26 मई तक है, जबकि लिस्ट का अंतिम प्रकाशन 10 जून को होगा। पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए ओबीसी आयोग के गठन का प्रस्ताव कैबिनेट से मंजूर हो चुका है।



**पंचायतीराज विभाग के निदेशक अमित सिंह कहते हैं ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने का कोई प्रावधान नहीं है। शासन स्तर से प्रशासक की नियुक्ति होगी। पंचायतों के 'ग्राम पंचायत सहायक' को ही 'प्रशासक' नियुक्त करने का प्रावधान है। जब तक चुनाव नहीं होते तब तक प्रशासक ही ग्राम पंचायत का कामकाज संभालता है।**

### प्रधान संघ की मांग- 'प्रशासनिक समिति' गठित हो

राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह कहते हैं- संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने 20 अप्रैल को सीएम योगी से मुलाकात करके प्रशासनिक समिति गठित करने की मांग की थी। 16 मई को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात कर उनके सामने भी यही मांग रखी थी। संगठन के उपाध्यक्ष ललित कुमार शर्मा बताते हैं- पंचायत चुनाव समय पर न होने पर राज्य सरकार या जिलाधिकारी, पंचायतीराज एक्ट 1947 की धारा-12 की उपधारा 3A के तहत प्रशासक या प्रशासनिक समिति गठित कर सकते हैं। प्रशासनिक समिति में ग्राम प्रधान या सरकार की ओर से निर्धारित अध्यक्ष होते हैं। वहीं, ग्राम प्रधान समेत पंचायत के वार्ड सदस्य, ग्राम पंचायत सहायक को सदस्य नियुक्त किया जाता है।

### प्रशासक नियुक्त होने से आती हैं व्यावहारिक कठिनाइयां

प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह बताते हैं- ग्राम पंचायतों में सरकारी कर्मचारी को प्रशासक नियुक्त करने से ग्रामीणों के सामने कई तरह की व्यावहारिक समस्याएं आती हैं। सरकारी अधिकारी के प्रशासक नियुक्त होने से वित्तीय अनियमितता की आशंका बढ़ती है। 2021 में प्रशासकों ने चार हजार करोड़ रुपए खर्च किए, लेकिन उसका हिसाब-किताब नहीं मिला। प्रशासक उस ग्राम पंचायत का निवासी नहीं होता है। इसलिए बाहरी व्यक्ति को क्षेत्र के सामाजिक ताने-बाने का पता नहीं होता। अगर किसी की बेटी की शादी है तो ग्राम प्रधान 50 हजार रुपए दे सकते हैं। लेकिन, प्रशासक यह काम नहीं करते हैं।

चुनाव के दौरान भी ग्राम प्रधान आपसी समन्वय से शांति व्यवस्था बनाने, मतदान बढ़ाने में भूमिका निभाते हैं, लेकिन प्रशासक का लोगों से उतना गहरा संबंध नहीं होता है।

## हनुमान भंडारों में पहुंचे अखिलेश यादव, फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के आयोजन की सराहना

# 'भाईचारा और गंगा-जमुनी तहजीब ही देश की ताकत'

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार के अवसर पर राजधानी लखनऊ में आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सहभागिता कर सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया।

हजरतगंज चौराहा स्थित मीडिया प्वाइंट पर उत्तर प्रदेश फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में पहुंचकर अखिलेश यादव ने श्री हनुमान जी की पूजा-अर्चना की तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पत्रकार, फोटो जर्नलिस्ट, समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और आम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी, लखनऊ मध्य क्षेत्र के विधायक रविदास मेहरोत्रा, पूर्व ओएसडी आशीष यादव, सोनू यादव सहित कई वरिष्ठ पत्रकार और फोटो जर्नलिस्ट उपस्थित रहे। भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का परिचय दिया।





> अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन को इस आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि पत्रकार समाज को जोड़ने और जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। ऐसे सामाजिक और धार्मिक आयोजनों से सकारात्मक वातावरण बनता है।

### मंगलवार का दिन भगवान हनुमान की भक्ति और सेवा भावना का प्रतीक

इस अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि मंगलवार का दिन भगवान हनुमान की भक्ति और सेवा भावना का प्रतीक माना जाता है। उन्होंने कहा कि लखनऊ की पहचान उसकी गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी प्रेम और भाईचारे से रही है तथा ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भंडारों में हर वर्ग और समुदाय के लोग बिना किसी भेदभाव के शामिल होते हैं, यही भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने संविधान के मूल्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी लोगों के प्रति प्रेम, दया और अपनापन रखना ही सच्ची सामाजिक भावना है।

### लखनऊ में एसएसओ को बनाया बंधक

लखनऊ। भीषण गर्मी के बीच राजधानी में बिजली संकट गहराता जा रहा है। देर रात राजाजीपुरम क्षेत्र के आरडीएसओ उपकेंद्र पर बिजली कटौती से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित भीड़ ने उपकेंद्र का घेराव कर एसएसओ को बंधक बना लिया और लेसा अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

जानकारी के मुताबिक रात करीब 11:30 बजे आरडीएसओ उपकेंद्र क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। उमस और गर्मी से परेशान लोगों ने उपकेंद्र के सीयूजी नंबर पर लगातार फोन किए, लेकिन सुनवाई नहीं होने पर लोगों का गुस्सा भड़क गया। रात करीब एक बजे बड़ी संख्या में लोग उपकेंद्र पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ने पर एसएसओ ने जेई, एसडीओ और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराया। इसके बाद बिजली कर्मचारियों ने फाल्ट ठीक कर रात करीब 2:30 बजे सप्लाई

# 'सपा राज में दलाल तय करते थे नौकरियां'

## अखिलेश यादव पर बरसे ओम प्रकाश राजभर

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर समाजवादी पार्टी (सपा) के शासनकाल में हुई भर्तियों और भ्रष्टाचार का मुद्दा गरमा गया है। योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर सीधा और बेहद तीखा हमला बोला है। राजभर ने सोशल मीडिया पर एक लंबी पोस्ट लिखकर आरोप लगाया कि सपा सरकार के दौरान हुई सरकारी नौकरियों में जमकर बंदरबांट हुई, जिसका सबसे बड़ा शिकार और पीड़ित प्रदेश का अति पिछड़ा समाज हुआ। ओम प्रकाश राजभर ने अपनी पोस्ट की शुरुआत एक बेहद भावुक लाइन से की- 'महल खड़े हैं जिन हाथों से, उन हाथों में छाले क्यों हैं?' राजभर ने कहा कि यह सवाल पूरा अति पिछड़ा समाज आज अखिलेश यादव से पूछ रहा है। उन्होंने दावा किया कि सपा शासनकाल में 'ऐतिहासिक नियुक्ति घोटाला' हुआ, जिसने गैर-यादव पिछड़े वर्ग (OBC) के लाखों योग्य युवाओं के भविष्य और उनके सपनों को पूरी तरह बर्बाद कर दिया। अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए सुभासपा प्रमुख ने लिखा, ₹मैं गांव की मिट्टी से निकला हूं, परिवार चलाने के लिए टेंपो तक चलाया है और गरीबी को बहुत करीब से जिया है।



**आयोजन : पात्र कृषकों को योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए जनपद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए**

# 'मौसमीय आपदा से प्रभावित औद्यानिक फसलों की क्षतिपूर्ति में तेजी लायी जाए'

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को उद्यान निदेशालय, लखनऊ में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ वर्चुअल तथा शासन एवं निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भौतिक रूप से समीक्षा बैठक की। बैठक विभिन्न मौसमीय घटकों से औद्यानिक फसलों को हुए नुकसान की आपदा राहत प्रबंधन के अंतर्गत क्षतिपूर्ति कराए जाने के संबंध में आयोजित की गई।

बैठक में मंत्री ने निर्देश दिए कि मौसमीय घटकों से प्रभावित औद्यानिक फसलों एवं बागों का शीघ्र आकलन करते हुए आपदा राहत प्रबंधन से संबंधित शासनादेशों के अंतर्गत जिला अधिकारियों के माध्यम से कृषकों को क्षतिपूर्ति दिलाने हेतु आवश्यक प्रस्ताव तत्काल प्रेषित किए जाएं। उन्होंने जनपदीय उद्यान अधिकारियों को इस संबंध में समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



उद्यान मंत्री ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न औद्यानिक विकास योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पात्र कृषकों को योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए जनपद स्तर पर प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में आगरा में स्थापित हो रहे इंटरनेशनल पोटैटो सेंटर की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मंत्री ने परियोजना से संबंधित लंबित कार्यों एवं अन्य आवश्यक परियोजनाओं को शीघ्रता से पूर्ण किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण श्री बीएल मीणा, निदेशक उद्यान श्री बीपी राम, संयुक्त निदेशक श्री सर्वेश कुमार व श्री राजीव कुमार सहित अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




**■ बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन मामलों में क्षतिपूर्ति के नियम स्पष्ट नहीं हैं अथवा निर्धारित धनराशि पर्याप्त नहीं है, उन प्रकरणों में राहत आयुक्त को प्रस्ताव भेजकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी, ताकि प्रभावित कृषकों को समय पर राहत उपलब्ध कराई जा सके।**

# मारुति सुजुकी में नौकरी पाने का सुनहरा अवसर

**21-22 मई को लखनऊ के राजकीय आईटीआई अलीगंज में कैंपस प्लेसमेंट आयोजित**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। देश की अग्रणी ऑटोमोबाइल निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड द्वारा उत्तर प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 21 एवं 22 मई 2026 को लखनऊ स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज परिसर में एक विशाल कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। इस भर्ती अभियान के माध्यम से हरियाणा स्थित कंपनी के प्लांटों के लिए फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉई (FTE) पदों पर चयन किया जाएगा। राजकीय आईटीआई के प्लेसमेंट ऑफिसर एम. ए. खान ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 21 मई को प्रातः 10:00 बजे से अभ्यर्थियों का प्रारंभिक असेसमेंट (लिखित/तकनीकी परीक्षा) आयोजित किया जाएगा, जबकि 22 मई को चयनित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार संपन्न होंगे। इस भर्ती में पुरुष अभ्यर्थियों के लिए खरखौदा (सोनीपत) प्लांट तथा महिला अभ्यर्थियों के लिए मानेसर (गुरुग्राम) प्लांट में अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।



पुरुष अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित वेतन लगभग 32,000 रुपए प्रति माह तथा महिला अभ्यर्थियों के लिए 41,713 रुपए प्रति माह (सीटीसी) प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त कंपनी द्वारा नियमानुसार अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी, जिनमें महिला अभ्यर्थियों हेतु सब्सिडी युक्त भोजन एवं वर्दी जैसी सुविधाएं शामिल हैं।

इस भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का हाईस्कूल न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। साथ ही फिटर, वेल्डर, मशीनिस्ट, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, पेंटर, टर्नर, टूल एंड डाई मेकर, शीट मेटल वर्कर एवं ऑटो बॉडी रिपेयर जैसे मैकेनिकल ट्रेड्स में एनसीवीटी/एससीवीटी मान्यता प्राप्त आईटीआई उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

## दोपहर 1 बजे पारा 44 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, अयोध्या के घाटों पर सन्नाटा, 4 शहरों में स्कूल बंद

# यूपी में भीषण गर्मी, बर्फ की बोतल से लिपटा कोबरा

**अलर्ट**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/वाराणसी/कानपुर। यूपी में भीषण गर्मी और हीटवेव (लू) का प्रकोप जारी है। पारा 48C के करीब पहुंच गया। सोमवार को बांदा लगातार दूसरे दिन देश में सबसे गर्म शहर रहा। तापमान 47.6C रिकॉर्ड किया गया। इससे पहले 27 अप्रैल को भी बांदा में पारा 47.6 C पहुंचा था। मंगलवार सुबह से ही पूरे प्रदेश में तेज धूप निकली है। 9 बजे से ही लू जैसी हवाएं चल रही हैं। दोपहर 3 बजे झांसी में तापमान 45.8C, प्रयागराज में 45C और मेरठ में 42.8 डिग्री सेल्सियस पारा पहुंच गया।





भीषण गर्मी की वजह से काशी में सभी स्कूल 25 मई तक के लिए बंद कर दिए गए हैं। आगरा में हीटवेव अलर्ट के चलते 12वीं तक स्कूल आज बंद रहेंगे। चित्रकूट और बांदा में 8वीं तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है।

कानपुर चिड़ियाघर में भी भीषण गर्मी और लू से जानवरों को बचाने के लिए खास इंतजाम किए हैं। कोबरा सांप के बाड़े में बर्फ से भरी बोतल रखी जा रही है। वह लिपटकर गर्मी से राहत पा रहा है। बिचखोपड़े के लिए भी ठंडे पानी और बर्फ की बोतल का इंतजाम किया गया है।

> लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा। 23 मई तक भीषण गर्मी पड़ेगी। अधिकांश हिस्सों में तापमान बढ़ेगा। लू चलेगी। तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, मानसून केरल में 26 मई के आसपास पहुंच सकता है। इससे अनुमान लगाया जा रहा कि 18 जून को मानसून गोरखपुर के रास्ते यूपी में प्रवेश करेगा। हालांकि, यह एक संभावित तिथि है।

### वाराणसी में शाम 4 बजे तापमान 40 डिग्री दर्ज हुआ

वाराणसी में शाम 4 बजे तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भीषण गर्मी और लू के चलते गाय घाट पर सन्नाटा पसरा नजर आया। शहर में गर्म हवाएं 12 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही हैं।

### 13 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

अगले 24 घंटे में यूपी के 13 जिलों में भीषण लू चलने की संभावना है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में औरैया, बलिया, भदोही, चित्रकूट, गाजीपुर, जौनपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशांबी, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली और वाराणसी शामिल हैं।

### अगले 5 दिन कैसा रहेगा मौसम?

20 मईः पश्चिमी यूपी में मौसम शुष्क रहेगा। आंधी-बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। पूर्वी यूपी में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है।

21 मईः पूर्वांचल के उत्तर पूर्वी इलाकों में कहीं-कहीं बौछारें पड़ सकती हैं। पश्चिमी यूपी में भीषण गर्मी का सिलसिला जारी रहेगा।

22 मईः पश्चिमी यूपी में मौसम साफ रहेगा। लू चलेगी। पूर्वी यूपी में हल्की बारिश हो सकती है।

23 मईः पश्चिमी यूपी में तेज धूप निकलेगी। लू परेशानी बढ़ाएगी। पूर्वांचल में बारिश की संभावना है।

24 मईः पश्चिमी यूपी में मौसम शुष्क रहेगा। 40 की रफ्तार से गर्म हवाएं चलेंगी। पूर्वी यूपी में बारिश हो सकती है।



श्री बांके बिहारी मंदिर में चबूतरे पर बिछी मैट को ठंडा रखने के लिए कर्मचारी लगातार पानी का छिड़काव करते नजर आए।

**फास्ट न्यूज**

### अमेठी में 5 वारंटी गिरफ्तार

अमेठी जिला। अमेठी पुलिस ने वांछित और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना जामो और मुंशीगंज पुलिस ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में यह गिरफ्तारी हुई। क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में थाना जामो पुलिस ने अभियान के तहत चार वारंटियों को पकड़ा।

### गाजियाबाद के अपार्टमेंट में लगी भीषण आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद के शालीमार गार्डन स्थित एक सोसाइटी में सोमवार शाम भीषण आग लग गई। आग तीसरी मंजिल के एक फ्लैट में लगी। कुछ ही देर में पूरे फ्लैट में फैल गई। चौथी मंजिल का एक फ्लैट भी उसकी चपेट में आ गया। आग के बाद दोनों फ्लैट में धुआं भर गया। 12 लोग फंस गए, उनका दम घुटने लगा। इनमें 4 साल का बच्चा और एक छोटी बच्ची भी थी। सभी को आस-पड़ोस के लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाला। आग इतनी भयानक थी कि 20-20 फीट ऊंची लपटें उठीं, 1 किलोमीटर दूर से भी धुआं दिख रहा था।

### दिव्यांगों को मिली ट्राई साइकिल

अमेठी जिला। अमेठी के विकास भवन में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा निशुल्क ट्राई साइकिल और सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य राज्यमंत्री और तिलोई विधायक मयंकेश्वर शरण सिंह रहे। इस अवसर पर विधायक राकेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी संजय चौहान और पुलिस अधीक्षक सरवणन टी भी उपस्थित थे।

## जिला उद्योग कर्मचारियों को टीबी के प्रति किया जागरूक

**तमसा संकेत, एजेंसी**



मेरठ । जनपद में चल रहे टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जिला उद्योग कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त अमरीश कुमार पांडेय से समन्वय स्थापित कर औद्योगिक क्षेत्रों में टीबी मरीजों की पहचान और जागरूकता गतिविधियों को बढ़ाने पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम में नेहा सक्सैना डीपीसी एवं शबाना बेगम जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर द्वारा टीबी मरीजों को पोषाहार पोटली उपलब्ध कराने के संबंध में पत्र सौंपा गया। साथ ही जनपद के सभी औद्योगिक क्षेत्रों, फैक्ट्रियों और कारखानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं मजदूरों की टीबी स्क्रीनिंग कराने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार गतिविधियां संचालित करने की अपील की गई। जिला उद्योग कार्यालय में सभी को क्षयरोग के लक्षण बताए और यह भी बताया गया कि टीबी एचआईवी की जांच सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर बिल्कुल निशुल्क की जाती है। साथ ही भारत सरकार द्वारा टीबी रोगी के खाते में जब से उसका इलाज चलता है और जब तक पूर्ण होता है 1000 प्रति माह टीबी रोगी के खाते में डीबीटी के माध्यम से दिए जाते हैं । इसके उपरांत जिला उद्योग कार्यालय के समस्त कर्मचारियों को टीबी रोग के प्रति जागरूक करते हुए बचाव, जांच और उपचार संबंधी जानकारी दी गई।

> स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कर्मचारियों को दिलाई टीबी उन्मूलन की शपथ

## महराजगंज, देवरिया में किल्लत, मऊ-संतकबीर नगर में पुलिस तैनात, लोग अफवाहों पर ध्यान न दें

# पेट्रोल पंप पर मच्छरदानी लगाकर सो रहे लोग





**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/गोरखपुर/महराजगंज। यूपी में एक बार फिर पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी लाइनें दिखने लगी हैं। गोरखपुर, बहराइच, महराजगंज, बस्ती, मऊ, देवरिया, श्रावस्ती और संत कबीरनगर में कई पंपों पर पेट्रोल-डीजल खत्म हो गया है। कई जगह लंबी-लंबी लाइनें देखने को मिल रही हैं। हालांकि, तेल कंपनियों और अधिकारियों का कहना है कि पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें।

महराजगंज में मंगलवार को कई पेट्रोल पंप बंद कर दिए गए। मुख्यालय के सिर्फ एक पंप पर पेट्रोल-डीजल मिल रहा है। रात के वक्त लोग पंपों के बाहर मच्छरदानी लगाकर सो रहे हैं। ताकि सुबह पंप खुलते ही डीजल ले सकें। बस्ती में पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर लिमिट तय कर दी गई है। बाइक सवारों को 200 रुपए और कार वालों को 1000 रुपए का ही ईंधन दिया जा रहा है। मऊ और संतकबीर नगर में कई पेट्रोल पंपों पर पुलिस तैनात है। सुरक्षा के बीच पेट्रोल-डीजल दिया जा रहा है। इससे पहले, यूपी में पेट्रोल-डीजल एक बार फिर महंगा हो गया। लखनऊ में पेट्रोल का दाम 98.40 रुपए और डीजल का रेट 91.72 रुपए प्रति लीटर पहुंच गया है। एक हफ्ते से कम समय में यह दूसरी बढ़ोतरी है। इससे पहले शुक्रवार को कीमतों में 3 रुपए/लीटर की बढ़ोतरी हुई थी। यूपी के राज्य स्तरीय समन्वयक (तेल उद्योग) के कार्यकारी निदेशक संजय भंडारी ने बताया-यूपी में पेट्रोल, डीजल और गैस की कोई किल्लत नहीं है। आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है।



### भदोही में पंपों पर लंबी कतारें घंटों इंतजार के बाद मिल रहा तेल

भदोही में अधिकांश पेट्रोल पंपों पर तेल नहीं मिलने से बाइक और चारपहिया वाहन चालक काफी परेशान हैं। शहर के एक-दो पेट्रोल पंपों पर ही पेट्रोल उपलब्ध होने के कारण वहां लंबी कतारें लगी हुई हैं। लोगों को 100 से 200 रुपए तक का ही पेट्रोल मिल पा रहा है। आधे-आधे घंटे तक लाइन में इंतजार करने के बाद उनका नंबर आ रहा है।

> गोरखपुर के अधिकतर पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही तेल खत्म हो गया है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धर्मशाला पेट्रोल पंप पर सुबह से लंबी लाइन लगी हुई है। लोग गैलन लेकर डीजल भरवाने पहुंच रहे हैं।


### 'महंगाई इतनी बढ़ेगी कि आसमान छोटा पड़ जाएगा'

समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी पर कहा कि लगातार दामों में बढ़ोतरी हो रही है। यह दूसरी बढ़ोतरी हुई है। जिस तरह से दाम और महंगाई बढ़ रही है, ऐसा लगता है कि महंगाई इतनी बढ़ जाएगी कि आसमान छोटा हो जाएगा। सरकार के पास इसको रोकने के लिए कोई समाधान नहीं है।


## 'नेविगेटिंग द फ्यूचरः जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग' के नौवें दिवस का आयोजन अत्यंत सफलतापूर्वक

# जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का नौवां दिवस संपन्न

**तमसा संकेत, संवाददाता**



बरेली। पर्यावरण विज्ञान विभाग, बरेली कॉलेज द्वारा आयोजित 10 दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम "नेविगेटिंग द फ्यूचरः जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग" के नौवें दिवस का आयोजन अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रोफेसर ए.पी. सिंह, निर्देशक स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रम, बरेली कॉलेज के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों से विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों ने जूम एवं यूट्यूब लाइव के माध्यम से सहभागिता की।कार्यक्रम का संचालन प्रो. अनामिका अग्रवाल द्वारा किया गया। उन्होंने मुख्य वक्ता का परिचय देते हुए उनके शैक्षणिक एवं शोध योगदान पर प्रकाश डाला तथा कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया।विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जसपाल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि रिमोट सेंसिंग एवं भू-स्थानिक तकनीकें वर्तमान समय में पर्यावरणीय अध्ययन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, आपदा प्रबंधन तथा सतत विकास के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक वैज्ञानिक शोध में जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग का उपयोग निरंतर बढ़ रहा है और विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को इन तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करना समय की आवश्यकता है।कार्यक्रम के नौवें दिवस के मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रिमोट सेंसिंग एवं भू-स्थानिक विज्ञान विशेषज्ञ प्रोफेसर जुबैरुल इस्लाम रहे, जो हेंसार्ड यूनिवर्सिटी, नाइजीरिया में फैकल्टी ऑफ एनवायरनमेंटल साइंसेज के डीन के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने "पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधनों एवं सतत विकास में रिमोट सेंसिंग के अनुप्रयोग" विषय पर अत्यंत प्रभावशाली, शोधपरक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया।अपने व्याख्यान में प्रोफेसर जुबैरुल इस्लाम ने रिमोट सेंसिंग तकनीकों के विकास, उनके आधुनिक उपयोग तथा पर्यावरणीय अध्ययन में उनकी बढ़ती उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सक्रिय रिमोट सेंसिंग एवं निष्क्रिय रिमोट सेंसिंग की अवधारणाओं को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाते हुए बताया कि विभिन्न उपग्रह एवं सेंसर पृथ्वी की सतह से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण किस प्रकार करते हैं। उन्होंने उपग्रह चित्रों एवं सेंसर तकनीकों की सहायता से भूमि उपयोग परिवर्तन, वन क्षेत्र अध्ययन, जल संसाधन प्रबंधन, कृषि निगरानी एवं पर्यावरणीय परिवर्तनों के विश्लेषण को विस्तारपूर्वक समझाया।उन्होंने गूगल अर्थ इंजन, लैंडसैट डेटा तथा अन्य उपग्रह आधारित प्लेटफॉर्म्स का लाइव प्रदर्शन प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों को डेटा एक्सेस, प्रोसेसिंग एवं विश्लेषण की प्रक्रियाओं से परिचित कराया।



> प्रोफेसर जुबैरुल इस्लाम ने यह भी बताया कि वर्तमान समय में रिमोट सेंसिंग तकनीकों का उपयोग जलवायु परिवर्तन अध्ययन, आपदा प्रबंधन, शहरी नियोजन, जैव विविधता संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों की सतत निगरानी में तेजी से बढ़ रहा है।

# मंत्री बनने के बाद पहली बार मेरठ पहुंचे डॉ. सोमेंद्र

## 40 डिग्री टेम्प्रेचर में कार्यकर्ताओं संग पैदल निकले

**तमसा संकेत, एजेंसी**



मेरठ। प्रदेश सरकार में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद स्वतंत्र प्रभार मंत्री बने दक्षिण विधानसभा विधायक डॉ. सोमेंद्र तोमर मंगलवार को पहली बार मेरठ पहुंचे। नमो भारत ट्रेन से पहुंचे मंत्री के स्वागत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ अंडरग्राउंड स्टेशन पर जुटी। ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया।

स्टेशन से निकलने के बाद डॉ. तोमर शहीद स्मारक पहुंचे, जहां उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह पैदल ही ओघड़नाथ मंदिर के लिए रवाना हुए। रास्तेभर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह फूल बरसाकर और मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।

भीषण गर्मी के बावजूद कार्यकर्ताओं का उत्साह कम नहीं दिखा। करीब 40 डिग्री तापमान में बड़ी संख्या में समर्थक पैदल मार्च में शामिल रहे। कई कार्यकर्ता हाथों में पार्टी के झंडे और बैनर लेकर नारेबाजी करते नजर आए।

मंत्री के काफिले में सबसे आगे थप्पड़ कांड का मुख्य आरोपी विकुल चपराना दिखाई दिया। विकुल चपराना वही युवक है, जिसका दिवाली के दौरान मेरठ में एक कपड़ा कारोबारी को सरेआम गाली देने और सड़क पर नाक रगड़वाकर माफी मंगवाने का वीडियो वायरल हुआ था।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### सड़क पर नमाज पढ़ने ...

वो चाहते हैं कि हम दूसरी तरफ उलझ जाएं। लेकिन, हम लोगों ने भी भाजपा से सीखा है। हम इनकी बातों में नहीं उलझेंगे। हम पहले पूछेंगे कि NEET का क्या हुआ, यह बताओ? 69 हजार शिक्षकों और जो आरक्षण लूटा है, उस बारे में पूछेंगे।'

यह बात सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को सीएम योगी के कल दिए बयान पर पलटवार करते हुए कही।

अखिलेश ने कहा- भाजपा की सोच जहां खत्म हो जाती है, वहां से पीडीए शुरू होता है। उनके लिए P का मतलब पार्टी है। हमारे लिए P का मतलब पीड़ित है। जहां बहस महंगाई पर होनी चाहिए, चर्चा इस बात की हो रही है कि लोग साइकिल पर चल रहे हैं। गाड़ियों का काफिला कम हो गया है। यह संकेत है कि आने वाले समय में साइकिल ही जरूरी है।

### सीएम योगी ने नमाज...

मुख्यमंत्री ने कहा कि नमाज के लिए निर्धारित स्थान मौजूद हैं और लोगों को वहीं जाकर इबादत करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि यदि संख्या अधिक है तो लोग शिफ्ट में नमाज पढ़ सकते हैं. साथ ही उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण का भी जिक्र करते हुए कहा कि अगर संसाधन और जगह सीमित हैं तो संख्या बढ़ाने पर भी विचार करना चाहिए.

### पेट्रोल-डीजल के दाम...

कुछ पंप पर केवल 200 रुपए के ही पेट्रोल दिए जा रहे हैं। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

पाली में एक पेट्रोल पंप पर सोमवार रात को ड्रम में डीजल भरने से मना करने पर विवाद हो गया। युवक ने अपने 10-12 साथियों को बुलाकर पंप संचालक और स्टाफ के साथ धक्का-मुक्की की। केबिन का कांच तोड़ दिया। इससे नाराज पेट्रोल पंप संचालक हड़ताल पर है। मंगलवार सुबह शहर के अधिकतर पंप बंद हैं। छिंदवाड़ा में पेट्रोल-डीजल बेचने की लिमिट तय कर दी गई है। यहां पंपों से दोपहिया को 200 रुपए और छोटी कारों को 500 रुपए से ज्यादा का पेट्रोल नहीं दिया जा रहा है। उज्जैन में श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथावाचक डॉ. संतोष महाराज ने श्रद्धालुओं को पेट्रोल-डीजल का कम उपयोग करने और एक साल तक सोना न खरीदने की शपथ दिलाई। इससे हरियाणा में पेट्रोल की कीमत ऑल टाइम हाई पहुंच गई है। सिरसा में पेट्रोल रेट 100.81 लीटर हो गया है। इससे पहले 28 मार्च 2022 को बहादुरगढ़ में पेट्रोल रेट 100.08 पहुंचा था। वहीं डीजल का भाव भी 90 पार हो गया है। सीएम नायब सैनी सुबह साइकिल से सुखना लेक पहुंचे।

### बांग्लादेश में भारतीय ...

इस मामले में पुलिस जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद ही प्रोटोकॉल अधिकारी नरेन धर की मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।

### भारतीय अधिकारी ...

हालांकि, शुरुआती जांच और डॉक्टरों के शुरुआती मुआयने में उनके शरीर पर किसी भी तरह के चोट के निशान या कोई संदिग्ध संकेत नहीं मिले हैं. पुलिस को शक है कि उनकी मौत कार्डियक अरेस्ट यानी दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुई होगी.

### मध्य क्षेत्रीय परिषद...

बस्तर में हो रही इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कर रहे हैं। इस हाई प्रोफाइल बैठक में यूपी, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री मौजूद हैं।

बैठक में राज्यों के विकास के साथ गंभीर सामाजिक और सुरक्षा के मुद्दों पर कड़े फैसले लिए गए। चारों राज्यों में अपराध नियंत्रण, विशेषकर महिलाओं के उत्पीड़न और रेप जैसे मामलों पर जल्द फैसले लेने पर चर्चा की गई।

बैठक में राज्यों के बीच आपसी समन्वय, कानून व्यवस्था, सीमा विवाद, परिवहन, बिजली और जल संसाधन जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। नक्सल प्रभावित रहे इलाकों में संयुक्त रणनीति और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल पर भी फोकस रहा।

### अमित शाह ने ...

अमितशाह ने कहा- बस्तर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास के लिए हमारे जवानों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। केंद्र और राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही हैं कि स्थायी शांति और विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

### कॉम्प्रोमाइज पीएम ...

मोदी नॉर्वे के 2 दिन के दौरे पर हैं। दौरा आज शाम को खत्म हो जाएगा।

जॉइंट प्रेस मीट के बाद मोदी और जोनास गार जाने लगे तब हेली लिंग ने पूछा, 'पीएम मोदी आप दुनिया की सबसे आजाद प्रेस के कुछ सवालों के जवाब क्यों नहीं देते।'

### रायबरेली में राहुल...

जनता मेरे लिए माता-पिता, दादी, बहन और भाई जैसी है। राहुल मंगलवार सुबह 11.30 बजे दिल्ली से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने उनका स्वागत किया। सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक बैनर-पोस्टर लेकर एयरपोर्ट पहुंचे। उन्होंने 'राहुल गांधी जिंदाबाद' के नारे लगाए।

### खतरनाक कुत्तों ...

कोर्ट ने कहा था कि आवारा कुत्तों को जहां से पकड़ें, नसबंदी और टीकाकरण के बाद वहीं न छोड़ें। ऐसे कुत्तों को शेल्टर होम्स में रखें। अदालत ने सड़कों पर कुत्तों को खाना खिलाने पर भी बैन लगाया था।

इसके बाद कई डॉग लवर्स और NGO ने इन निर्देशों को रद्द कराने के लिए कई याचिकाएं दाखिल की थीं। हालांकि इन याचिकाओं की संख्या की जानकारी नहीं दी गई है।

NHAI नेशनल हाईवे पर आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए जरूरी कदम उठाए, जैसे पुराने ट्रांसपोर्ट वाहनों का इस्तेमाल कर उन्हें हटाना। NHAI इसकी मॉनिटरिंग भी करे।

रेबीज से संक्रमित और बेहद खतरनाक कुत्तों को कानून के तहत और जरूरत पड़ने पर यूथेनेशिया (दया मृत्यु) जैसे कदम उठाए जा सकते हैं ताकि लोगों का जीवन सुरक्षित रहे।

### मानसून अगले हफ्ते ...

सामान्य रूप से ये 35 से 38 दिनों में पूरे भारत को कवर कर लेता है। लेकिन, 2002 में उसे 79 दिन लगे थे और 15 अगस्त को मानसून पूरे देश में छाया था।

इस बीच अगले 7 दिन उत्तर और मध्य भारत के 10 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट है। निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक मंगलवार को पूर्वोत्तर और दक्षिणी इलाकों को छोड़कर लगभग आधे देश में हीटवेव का असर रहेगा। औसत तापमान 45C तक रह सकता है।

उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और महाराष्ट्र में सोमवार को अधिकतम पारा 46C से ज्यादा रहा। उत्तर प्रदेश का बांदा 47.6C के साथ देश में सबसे गर्म रहा। पंजाब के बठिंडा में 47C, महाराष्ट्र के वर्धा में 46.5C, हरियाणा के सिरसा में 46.2C, राजस्थान के चित्तौड़गढ़-पिलानी में 46.2C तापमान रहा।

राजस्थान में गंभीर हीटवेव का अलर्ट है। रातें भी गर्म रहेंगी। छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी हीटवेव चलेगी।

### बंगाल चुनाव ...

हालांकि कुछ लोग दबाव में आकर मैदान छोड़ गए। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। जहांगीर खान ने चुनाव प्रचार के दौरान खुद को फिल्म 'पुष्पा' के किरदार की तरह पेश किया था। उन्होंने कई बार फिल्म का चर्चित डायलॉग 'पुष्पा झुकेगा नहीं साला' भी बोला था। उन्होंने खुद को इलाके के ऐसे मजबूत नेता के रूप में पेश किया, जो किसी दबाव के सामने नहीं झुकेगा।

## गायकवाड के चेपॉक में 1000 रन पूरे, क्लासन के 58 पारियों में 2 हजार आईपीएल रन

# धोनी ने सीएसके के साथ कराया फोटोशूट



**खेल**

चेन्नई, एजेंसी

सनराइजर्स हैदराबाद ने IPL 2026 के 63वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराया। चेपॉक स्टेडियम में CSK ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 180 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने हेनरिक क्लासन और अभिषेक शर्मा की पारियों की बदौलत टीम ने 19 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। सोमवार को इनिंग्स ब्रेक में एमएस धोनी ने टीम के साथ ग्रुप फोटोशूट कराया। क्लासन ने सिर्फ 58 पारियों में 2 हजार IPL रन पूरे किए। ऋतुराज गायकवाड ने चेपॉक में अपने 1000 IPL रन बनाए।

ऋतुराज गायकवाड का IPL 2026 में पावरप्ले के दौरान स्ट्राइक रेट 124.6 रहा है। कम से कम 100 गेंद खेलने वाले बल्लेबाजों में यह इस सीजन सबसे कम स्ट्राइक रेट है। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस IPL में कप्तान रहते हुए 42 विकेट ले चुके हैं। वह कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। अभिषेक शर्मा IPL सीजन में 500+ रन बनाने वाले सनराइजर्स हैदराबाद के छठे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले डेविड वॉर्नर 6 बार,



जबकि शिखर धवन, केन विलियमसन, ट्रेविस हेड और हेनरिक क्लासेन एक-एक बार यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

चेन्नई के तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज इस सीजन 30 सिक्स दे चुके हैं। कम्बोज ने इस मामले में कगिसो रबाडा, युजवेंद्र चहल और वनिंदु हसरंगा की बराबरी कर ली। IPL इतिहास में एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के खाने का रिकॉर्ड राशिद खान के नाम है, जिन्होंने 2025 में 33 सिक्स दिए थे। चेन्नई के ओपनर संजू सैमसन ने पहली ही गेंद पर छक्का जड़ दिया। नीतीश ने मिडिल स्टंप पर लेंथ बॉल डाली, जिस पर संजू क्रीज में पीछे रहकर शानदार स्ट्रेट शॉट खेला। गेंद सीधे साइटस्क्रीन के ऊपर स्टैंड्स में जाकर गिरी।



### सीएसके ने पहले ओवर में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया

चेन्नई ने अपनी पारी के पहले ओवर में 17 रन बनाए। यह IPL में CSK का पहले ओवर में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर रहा। इससे पहले टीम ने 2015 में कोलकाता के खिलाफ ईडन गार्डन्स में पहले ओवर में 19 रन बनाए थे।

IPL 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स की ओपनिंग जोड़ी का प्रदर्शन खास नहीं रहा है। टीम का ओपनिंग रनरेट 9.08 रहा, जो इस सीजन सबसे कम है। वहीं, औसत 25.84 रहा, जो सिर्फ कोलकाता नाइट राइडर्स (24.33) से बेहतर है।

> चेन्नई सुपर किंग्स ने चेपॉक में 3 साल बाद टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। इससे पहले सीएसके ने 14 मई 2023 को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ चेपॉक में पहले बैटिंग चुनी थी।

### 58 पारियों में क्लासन के 2 हजार आईपीएल रन पूरे

हैदराबाद के बल्लेबाज हेनरिक क्लासन ने IPL में अपने 2000 रन पूरे कर लिए। उन्होंने यह उपलब्धि सिर्फ 58 पारियों में हासिल की। इस लिस्ट में टॉप पर 47 पारी के साथ साई सुदर्शन हैं। क्लासन ने IPL में 2000 रन बनाने के लिए सिर्फ 1214 गेंदें खेलीं। वे सबसे कम गेंदों में यह आंकड़ा छूने वाले बल्लेबाजों की सूची में 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पहले नंबर पर 1120 बॉल के साथ आंद्रे रसल हैं।

### गायकवाड ने चेपॉक में पूरे किए 1000 आईपीएल रन

रुतुराज गायकवाड ने चेपॉक मैदान पर IPL में अपने 1000 रन पूरे कर लिए। वे इस मैदान पर यह उपलब्धि हासिल करने वाले चेन्नई के प्रमुख बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं। गायकवाड ने 21 गेंदों की पारी में 71.42 के स्ट्राइक रेट से 15 रन बनाए। IPL 2026 में 20 या उससे ज्यादा गेंद खेलने वाले बल्लेबाजों में यह दूसरा सबसे कम स्ट्राइक रेट रहा।

# चेन्नई में हो सकता है बिग बैश का ओपनिंग मैच

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अधिकारियों ने चेपॉक स्टेडियम का मुआयना किया

चेन्नई, एजेंसी

चेन्नई का एमए चिदंबरम स्टेडियम ऑस्ट्रेलियाई लीग बिग बैश के ओपनिंग मैच की मेजबानी कर सकता है। यह मैच दिसंबर में खेला जा सकता है, हालांकि इसकी घोषणा अब तक नहीं हुई है।

PTI के अनुसार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (CA) के 5 अधिकारियों के एक डेलिगेशन ने सोमवार को स्टेडियम का दौरा किया। उसने BCCI प्रेसिडेंट मिथुन मन्हास और तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों से मुलाकात की।

हालांकि, CA के प्रतिनिधि ने इस घटनाक्रम की पुष्टि करने से इनकार किया। लेकिन, भारतीय बोर्ड से बातचीत चलने की बात मानी। उसने कहा, 'हम अभी किसी बात की पुष्टि नहीं कर सकते। ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ साझेदारी में हम चेन्नई की संभावनाओं को तलाश रहे हैं, ताकि भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को और मजबूत किया जा सके। अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है। हम BCCI में अपने साथियों के साथ बारीकी से काम कर रहे हैं।' क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रतिनिधि चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) और सनराइजर्स हैदराबाद (SRH) के बीच खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) मैच के दौरान भी स्टेडियम में मौजूद रहे। यह मैच हैदराबाद ने 5 विकेट से जीता। यह पहला मौका नहीं है, जब किसी विदेशी लीग के मैच भारत में हो रहे हैं। 2019 में अमेरिका की मशहूर बास्केटबॉल लीग नेशनल बास्केटबॉल एसोसिएशन (NBA) ने पहली बार भारत में अपने ऑफिशियल प्री-सीजन मैच आयोजित किए थे। तब मुंबई में सैक्रामेंटो किंग्स और इंडियाना पेसर्स के बीच 2 मैच खेले गए थे। 2018 में कोच्चि के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में स्पेनिश लीग ला-लीगा के जिरोना एफसी (Girona FC) और ऑस्ट्रेलियाई ए-लीग के मेलबर्न सिटी एफसी ने भारतीय क्लब केरला ब्लास्टर्स के साथ प्री-सीजन टूर्नामेंट खेला था।




## जूनियर नेमार की 3 साल बाद वापसी ■ स्पेन के लोपेज चोट के कारण बाहर

# फुटबॉल वर्ल्डकप : ब्राजील और क्रोएशिया की टीमें घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए ब्राजील और क्रोएशिया की टीमों का ऐलान हो गया है। 5 बार की वर्ल्ड चैंपियन ब्राजील में 3 साल बाद जूनियर नेमार की वापसी हुई है।

क्रोएशिया ने 40 साल के लुका मोड्रिच को कप्तान बनाया है। वे अपना 5वां वर्ल्ड कप खेलेंगे। वहीं, स्पेन के युवा मिडफील्डर फर्मिन लोपेज दाएं पैर में फ्रैक्चर के कारण वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं। जबकि, लैमिन यामल पहला मैच नहीं खेलेंगे।

48 टीमें के इस टूर्नामेंट की शुरुआत 11 जून से होगी। जोकि अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको की मेजबानी में 16 शहरों में खेला जाएगा। हाल ही में फ्रांस और बेल्जियम ने भी अपनी-अपनी टीमों का ऐलान किया था।



क्रोएशिया के मुख्य कोच ज्लाटको डालिच ने 26 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। इसमें 40 साल के दिग्गज लुका मोड्रिच को चुना गया। वे करियर का 5वां वर्ल्ड कप खेलेंगे। वे पिछले महीने गाल की हड्डी टूटने की चोट का शिकार हो गए थे। डालिच ने उम्मीद जताई है कि वे 17 जून को इंग्लैंड के खिलाफ पहले वर्ल्ड कप मैच तक फिट हो जाएंगे। मोड्रिच 200 इंटरनेशनल मैच पूरे कर सकते हैं।



### चौथा वर्ल्ड कप खेलेंगे नेमार

ब्राजील के मुख्य कोच कार्लो एंसेलोटी ने सोमवार को रियो डी जेनेरियो में टीम का ऐलान किया। उन्होंने कहा- 'हमने पूरे साल नेमार का बारीकी से विश्लेषण किया। पिछले कुछ समय में उन्होंने लगातार फुटबॉल खेला है। उनकी फिटनेस इस बड़े मंच के लिए बिल्कुल दुरुस्त है।'

34 साल के नेमार चोट के कारण 2023 के बाद से ब्राजील के लिए एक भी मैच नहीं खेल पाए। वे करियर का चौथा वर्ल्ड कप (2014, 2018, 2022, 2026) खेलेंगे। ब्राजील को ग्रुप-C में रखा गया है। उसका पहला मैच 13 जून को मोरक्को से होगा। फिर हैती और स्कॉटलैंड से मुकाबले होंगे।

गोलकीपर एलिसन बेकर चोट से ठीक होकर लौटे हैं। रियल मैड्रिड के विनीसियस जूनियर, बार्सिलोना के राफिन्हा और 19 साल के एंड्रिक फॉरवर्ड लाइन में होंगे। इस सीजन प्रीमियर लीग में चेल्सी के लिए 15 गोल और 5 असिस्ट करने वाले टॉप स्कोरर जोआओ पेड्रो को टीम में जगह नहीं मिली है।


**मनोरंजन**

# सलमान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में मिला पांच फुट लंबा सांप

## मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम, बिना सुरक्षा उपकरण के हाथों से पकड़ा

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के मुंबई में स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में सोमवार को एक 5 फुट लंबा सांप मिला। सूचना मिलने के बाद उसे रेस्क्यू करने के लिए एक स्नेक रेस्क्यूअर मौके पर पहुंचा। सांप अपार्टमेंट के नीचे मिला था। रेस्क्यूअर ने उसे हाथों से पकड़कर सुरक्षित तरीके से काबू में किया। मौके पर अधिकारी भी पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन में मदद की। वीडियो में रेस्क्यूअर सांप को पकड़ते हुए दिखाई दे रहा है। उसने पहले सांप का पीछा किया, फिर उसकी पूंछ पकड़कर उसे हाथ में लपेटा और बाद में बैग में डाल दिया। मिली जानकारी के मुताबिक, सांप जहरीला नहीं था। यही वजह है कि उसे बिना किसी सुरक्षा उपकरण के पकड़ा गया। गौरतलब है कि इससे पहले गैलेक्सी अपार्टमेंट साल 2024 में चर्चा में आया था। जब 14 अप्रैल 2024 की सुबह करीब 5 बजे मोटरसाइकिल पर आए दो हमलावरों ने गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर 5 से 6 राउंड फायरिंग की थी। उस वक्त सलमान खान अपार्टमेंट में ही थे। इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग के अनमोल बिश्नोई ने ली थी।

वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान जल्द ही फिल्म मातृभूमि में नजर आएंगे। इस फिल्म में चित्रांगदा सिंह भी होंगी। इस फिल्म का डायरेक्शन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं। पहले इस फिल्म का नाम बैटल ऑफ गलवान था। फिल्म की रिलीज डेट पहले 17 अप्रैल थी, जो टाल दी गई है और नई तारीख का अभी ऐलान नहीं हुआ है।



## फिर भी पाई-पाई को तरसे पर्दे के पीछे के हीरो ■ फिल्म इंडस्ट्री का कड़वा सच

# बॉक्स ऑफ़िस पर पांच हजार करोड़ का बिजनेस !

नई दिल्ली। पिछले साल बॉलीवुड इंडस्ट्री ने लगभग 5 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बिजनेस किया। जहां आजकल बड़ी फिल्मों के लिए सुपस्टार्स को करोड़ों की फीस मिलती है और प्रोड्यूसर्स मोटा पैसा कमाते हैं। वहीं पर्दे के पीछे की सच्चाई कुछ ही कहती है।

वो लोग जो कैमरा के पीछे होते हैं। टेक्निशियन, मेकअप आर्टिस्ट, हेयर स्टाइलिस्ट यहां तक कि पर्सनल जिम ट्रेनर्स तक। Top India के एक सर्वे से, जो मनोरंजन जगत से जुड़े 1,000 से ज्यादा लोगों से बातचीत पर आधारित है, पता चलता है कि बड़ी संख्या में कामगारों को या तो बहुत कम काम मिल रहा है या फिर उनकी सैलरी में भारी कटौती हो रही है।

कई लोगों ने बताया कि जो प्रोजेक्ट्स उपलब्ध हैं, उनके लिए मिलने वाला पेमेंट पिछले सालों के मुकाबले लगभग 50 से 60 प्रतिशत तक कम हो गया है।





### बॉलीवुड के बड़े सितारे कमा रहे मोटी रकम

जहां एक तरफ बड़े कलाकार और जाने-माने नाम मोटी फीस और लगातार प्रोजेक्ट्स पाते रहते हैं, वहीं आर्थिक दबाव का सामना मुख्य रूप से उन पर्दे के पीछे काम करने वाले प्रोफेशनल्स को करना पड़ रहा है, जो रोजाना के प्रोडक्शन के काम को संभालते हैं।


कैरेक्टर आर्टिस्ट, असिस्टेंट डायरेक्टर, मेकअप आर्टिस्ट, कलाकारों से जुड़े जिम ट्रेनर, लाइटमैन, कैमरा ऑपरेटर, स्पॉट स्टाफ, प्रोडक्शन असिस्टेंट, एडिटर, इक्विपमेंट सप्लायर और टेक्निकल क्रू उन लोगों में शामिल हैं, जिन पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ा है। इनमें से कई मजदूर रोजाना (Daily Wagers) की शूटिंग और प्रोजेक्ट-आधारित कमाई पर निर्भर रहते हैं।



## रामचरण को बताया- 'टू गुड' ■ गर्लफ्रेंड जान्हवी के लिए कही ये बात

# शिखर पहाड़िया ने शेयर किया 'पेद्दी' का ट्रेलर

नई दिल्ली। राम चरण और जान्हवी कपूर की अपकमिंग फिल्म 'पेद्दी' के ट्रेलर का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। मेकर्स ने सोमवार को इस स्पोर्ट्स ड्रामा का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। इसके रिलीज के बाद जान्हवी कपूर के रूमर्ड बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया ने भी उनकी तारीफ काफी मजाकिया अंदाज में सोशल मीडिया पर की। जान्हवी कपूर और शिखर पहाड़िया को अक्सर साथ देखा जाता है। इसी वजह से दोनों के बीच डेटिंग की अफवाहें भी उड़ती हैं। मगर दोनों मे कभी खुलकर इस बात को कबूल नहीं किया। जान्हवी की फिल्म 'पेद्दी' का ट्रेलर सोमवार को रिलीज हुआ। इसके बाद शिखर ने सोशल मीडिया पर उनके लिए पोस्ट डाला। जिसमें ट्रेलर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'लेडी डॉन रील लाइफ में भी और रियल लाइफ में भी' वहीं रामचरण के लिए उन्होंने लिखा, 'टू गुड, मैं फिल्म के लिए इंतजार नहीं कर पा रहा।



### फिल्म 'पेद्दी' के बारे में

एक्टर राम चरण की आने वाली फिल्म पेद्दी का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। यह एक स्पोर्ट बेस्ड फिल्म है जिसमें रामचरण कुश्ती करते, क्रिकेट खेलते और धावक बने नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन बुची बाबू सना ने किया है। संगीत ए.आर. रहमान दिया है। फिल्म में राम चरण के अलावा जान्हवी कपूर, दिव्येंदु शर्मा, शिव राजकुमार, जगपति बाबू और बोमन ईरानी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

**फिल्म 'पेद्दी' के ट्रेलर रिलीज के बाद फिल्मी दुनिया के सेलेब्स ने भी पोस्ट कर इसपर रिएक्शन दिए। अभिनेता वरुण धवन ने ट्रेलर पर रिएक्ट करते हुए लिखा, 'जान्हवी तुम फिल्म में काफी खूबसूरत लग रही हो। टीम को फिल्म के लिए बहुत-बहुत बधाई। रामचरण आप फिल्म में फायर लग रहे हैं।'**



# गोविंदा के बाउंसर पर पैपराजी को धक्का देने का आरोप

## इवेंट में हुई बहस, एक्टर ने खुद मामला शांत कराया

नई दिल्ली। गोविंदा हाल ही में एक इवेंट में शामिल हुए, जहां भारी भीड़ के बीच उनके बाउंसर और एक पैपराजी के बीच बहस हो गई। बाउंसर पर कथित तौर पर धक्का-मुक्की और दुर्व्यवहार का आरोप लगा। मामला बढ़ता देख गोविंदा ने खुद बीच में आकर दोनों पक्षों को शांत कराया।

दरअसल, विवाद उस समय शुरू हुआ, जब इवेंट खत्म होने के बाद गोविंदा वहां से लौट रहे थे और बड़ी संख्या में फैंस ने उन्हें घेर लिया।

भीड़ को कंट्रोल करने के दौरान बाउंसर ने एक्टर के लिए रास्ता बनाने की कोशिश की। इसी दौरान कुछ लोगों को कथित तौर पर धक्का लग गया, जिसमें पैपराजी भी शामिल थे। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने विरोध जताया और बहस शुरू हो गई।

बता दें कि इवेंट में गोविंदा को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। वहां मौजूद फैंस ने उनके डांस और मौजूदगी का जमकर एन्जॉय लिया। गोविंदा जल्द ही कुकिंग रियलिटी शो 'मां है ना' में नजर आएंगे। यह शो शिल्पा शेट्टी होस्ट कर रही हैं। गोविंदा शो में अपनी बेटी टीना आहूजा को सपोर्ट करने पहुंचेंगे। टीना मां सुनीता के साथ एक टीम के हिस्से के तौर पर शो में हिस्सा ले रही थीं। हालांकि, पिछले कुछ एपिसोड्स की शूटिंग में सुनीता की गैरमौजूदगी के कारण अब गोविंदा उनकी जगह शो में शामिल होंगे।

## संसद में बिल लाने की तैयारी ■ ट्रम्प ने ईरान पर आज होने वाला हमला टाला

# ट्रम्प - नेतन्याहू की हत्या करने वाले को 500 करोड़ देगा ईरान

**तैयारी**



इस बीच ट्रम्प ने कहा है कि उन्होंने ईरान पर मंगलवार को होने वाला हमला फिलहाल टाल दिया है। ट्रम्प ने कहा कि कतर, सऊदी अरब और युएई जैसे गल्फ देशों के नेताओं ने बातचीत को मौका देने के लिए कुछ दिन का समय मांगा था।

**तेल अवीव, एजेंसी**

ईरान की संसद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या करने वालों को 500 करोड़ से ज्यादा इनाम देने वाला बिल ला सकती है।

द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, ईरानी संसद का राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग इस बिल की तैयारी कर रहा है। आयोग के प्रमुख इब्राहिम अजीजी ने कहा कि 'इस्लामिक रिपब्लिक की सैन्य और सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई' नाम से बिल तैयार किया जा रहा है।

ईरानी सांसद महमूद नबावियन ने कहा कि संसद जल्द इस बिल पर वोटिंग कर सकती है, जो ट्रम्प और नेतन्याहू को जहन्नुम पहुंचाने वालों को इनाम देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई सैन्य और राजनीतिक नेताओं की मौत के बाद यह कदम उठाया जा रहा है। ट्रम्प ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि घड़ी तेजी से चल रही है और अगर जल्द समझौता नहीं हुआ तो गंभीर नतीजे होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जर्मनी स्थित अमेरिकी ठिकानों से हथियार लेकर दर्जनों कार्गो विमान इजराइल पहुंचे हैं। वहीं नेतन्याहू और ट्रम्प ने संभावित सैन्य कार्रवाई को लेकर बातचीत की।

ईरान तनाव और समुद्री नाकेबंदी के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में करीब 1,500 कारोबारी जहाज फंसे हुए हैं। इन पर 20 हजार से ज्यादा नाविक मौजूद हैं। एक्सपर्ट्स ने मिसाइल और ड्रोन हमलों का खतरा बताया है। सऊदी अरब ने दावा किया कि उसके एयर डिफेंस सिस्टम ने इराक की दिशा से आए 3 ड्रोन मार गिराए।

### जर्मन चांसलर पर भड़का ईरान

ईरान ने जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के परमाणु ठिकानों पर हमलों को सही ठहराने वाले देश अब अंतरराष्ट्रीय कानून और क्षेत्रीय सुरक्षा की बात कर रहे हैं। बघाई ने X पर कहा कि अमेरिका और इजराइल ने ईरान के सुरक्षित परमाणु ठिकानों पर खुले हमले किए, लेकिन पश्चिमी देशों ने इसकी निंदा नहीं की। उन्होंने कहा कि अब एक कथित फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन के बाद वही देश अंतर-राष्ट्रीय कानून का हवाला दे रहे हैं, जबकि UAE ने भी आधिकारिक तौर पर ईरान को जिम्मेदार नहीं ठहराया। बघाई ने कहा कि अगर परमाणु ठिकानों पर हमला खतरा है, तो यह नियम सभी देशों पर बराबर लागू होना चाहिए, सिर्फ पश्चिमी हितों के हिसाब से नहीं। ईरानी प्रवक्ता ने जर्मन नाटक द ब्रोकन जग का जिक्र करते हुए कहा कि यह रवैया जज एडम जैसा है, जो खुद गलतियां करता है लेकिन दूसरों को न्याय सिखाता है।

### ईरान पर हमला टलने से सोना सस्ता हुआ

ट्रम्प के ईरान पर प्रस्तावित सैन्य हमला टालने के बाद मंगलवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। स्पॉट गोल्ड 0.5% गिरकर 4,544.17 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि जून डिलीवरी वाले अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स 0.2% टूटकर 4,547.70 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गए।

ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिका ईरान पर बड़ा हमला करने वाला था, लेकिन कतर, सऊदी अरब और UAE के अनुरोध पर उसे फिलहाल टाल दिया गया। इसके बाद पश्चिम एशिया को लेकर बाजार में तनाव थोड़ा कम हुआ, जिससे सुरक्षित निवेश माने जाने वाले सोने की मांग घटी। हालांकि बाजार अब भी सतर्क है, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी है और क्षेत्रीय तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।



■ नाकाबंदी के चलते ईरानी जहाज या ईरानी तेल से लदे जहाज फारस की खाड़ी में फंसे हैं। (प्रतीकात्मक तस्वीर)

### तेहरान में पत्रकार बनकर जासूसी करने वाले 2 लोग गिरफ्तार

तेहरान पुलिस ने पत्रकार बनकर काम कर रहे दो संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। ईरानी एजेंसी तस्नीम के मुताबिक, दोनों पर सैन्य और खुफिया जानकारी विदेश भेजने का आरोप है।

पुलिस के अनुसार, दोनों पश्चिमी और उत्तरी तेहरान में सक्रिय थे और खुद को पत्रकार बताकर संवेदनशील जानकारी जुटा रहे थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि जानकारी ईरान विरोधी नेटवर्क्स को भेजी जा रही थी। इसके लिए स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट का इस्तेमाल हो रहा था।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने स्टारलिंक रिसीवर भी बरामद किया। मामले में अब तकनीकी और खुफिया जांच जारी है।

# भारत रूसी कच्चा तेल खरीदता रहेगा अमेरिकी प्रतिबंध बेअसर

## फंसे जहाजों से तेल खरीदने के लिए यूएस की 30 दिन की राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका की तरफ से मिलने वाली प्रतिबंधों की छूट खत्म होने के बाद भी भारत रूस से कच्चा तेल खरीदना जारी रखेगा। पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने कहा कि अमेरिकी प्रतिबंधों से हमारे इम्पोर्ट प्लान पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इस बीच वैश्विक सप्लाई संकट को देखते हुए अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने समुद्र में फंसे रूसी तेल के जहाजों से तेल खरीदने के लिए 30 दिनों का अस्थायी लाइसेंस जारी कर दिया। अमेरिकी ट्रेजरी मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर इसकी जानकारी दी।



बेसेंट के मुताबिक इससे अतिरिक्त लचीलापन मिलेगा। यह सामान्य लाइसेंस कच्चे तेल के बाजार को स्थिर करने और ऊर्जा की दृष्टि से संवेदनशील देशों तक तेल की पहुंच सुनिश्चित करने में सहायक होगा। सुजाता शर्मा ने कहा कहा कि भारत का रुख इस मामले में हमेशा से साफ रहा है। भारत अमेरिकी छूट मिलने से पहले भी रूस से तेल खरीद रहा था, छूट के दौरान भी खरीदा और आगे भी इसे जारी रखेगा। सरकार ने देश की जरूरत के मुताबिक पहले ही कच्चे तेल की पर्याप्त सप्लाई का इंतजाम कर लिया है, इसलिए देश में क्रूड ऑयल की कोई कमी नहीं है। आंकड़े बताते हैं कि भारत ने मई महीने में रूस से रिकॉर्ड 23 लाख बैरल प्रति दिन कच्चे तेल का आयात किया। दुनियाभर में तेल के दाम न बढ़ें और पेट्रोल-डीजल की सप्लाई सामान्य रहे, इसके लिए अमेरिका ने मार्च में भारत जैसे देशों को रूस से तेल खरीदने की एक विशेष छूट दी थी। पहले यह छूट 16 मई तक के लिए बढ़ाई गई थी। हालांकि, जब से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ है, तब से अमेरिका लगातार भारत पर यह दबाव बना रहा है कि वह रूस से सस्ते दामों पर कच्चा तेल खरीदना कम कर दे। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय अधिकारियों ने अमेरिकी प्रशासन को स्पष्ट कर दिया था कि ग्लोबल मार्केट में उतार-चढ़ाव के बीच देश की तेल सप्लाई बनाए रखना सरकार की सबसे पहली प्राथमिकता है।

## 5 की मौत, इनमें एक गार्ड और 2 संदिग्ध, धार्मिक नफरत से जुड़े हमले की आशंका

# अमेरिका की सैन डिएगो मस्जिद में गोलीबारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका के सैन डिएगो स्थित मस्जिद में सोमवार को गोलीबारी में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक सिक्योरिटी गार्ड और दो संदिग्ध शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक, दोनों संदिग्ध किशोर थे। एक की उम्र 17 साल और दूसरे की 19 साल थी। दोनों के शव मस्जिद के पास एक वाहन में मिले। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि उन्होंने खुद को गोली मारी। इस मामले की जांच हेट क्राइम के एंगल से की जा रही है। हालांकि, हमले के पीछे की वजह पर फिलहाल ज्यादा जानकारी शेयर नहीं की गई है। यह हमला इस्लामिक सेंटर ऑफ सैन डिएगो में हुआ। यह सैन डिएगो काउंटी की सबसे बड़ी मस्जिद है। परिसर में एक स्कूल भी है, जहां बच्चों को अरबी भाषा, इस्लामिक स्टडीज और कुरान की शिक्षा दी जाती है। 19 अप्रैल 2026- अमेरिका के लुइसियाना राज्य के श्रेवेपोर्ट शहर में एक शख्स ने 8 बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। इनमें से 7 उसके ही बच्चे थे।

16 फरवरी 2026- अमेरिका के रोड आइलैंड में दोपहर हाई स्कूल हॉकी मैच के दौरान गोलीबारी हो गई। पुलिस के मुताबिक इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें हमलावर भी शामिल है। तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए।

8 जनवरी 2026- अमेरिका के मिनियापोलिस शहर में इसी साल 8 जनवरी को इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट के एक एजेंट ने कार सवार महिला को गोली मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।



■ घटना के बाद फुटेज में एक दर्जन से ज्यादा बच्चों को हाथ पकड़कर मस्जिद परिसर से सुरक्षित बाहर निकालते देखा गया।

### गवर्नर बोले- कैलिफोर्निया मुस्लिम समुदाय के साथ है

कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने मुस्लिम समुदाय से कहा कि कैलिफोर्निया आपके साथ खड़ा है। जहां परिवार और बच्चे जुटते हैं, जहां लोग शांति से इबादत करते हैं, वहां ऐसा हमला बेहद भयावह है। कैलिफोर्निया में नफरत की कोई जगह नहीं है।" उन्होंने बताया कि कैलिफोर्निया हाईवे पेट्रोल और गवर्नर ऑफिस ऑफ इमरजेंसी सर्विसेज की टीमें मौके पर स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय कर रही हैं।



### गैर-मुस्लिमों का दौरा चल रहा था

मस्जिद के इमाम ताहा हस्साने ने बताया कि सोमवार को कुछ गैर-मुस्लिम लोग इस्लाम को समझने के लिए मस्जिद के दौरे पर आए थे। यह सेंटर अलग-अलग समुदायों के बीच संवाद और मेलजोल बढ़ाने के लिए काम करता है। उन्होंने बताया कि स्कूल के सभी शिक्षक और छात्र सुरक्षित हैं। फिलहाल कोई खतरा नहीं है, लेकिन लोगों से मस्जिद से दूर रहने को कहा गया है। एहतियात के तौर पर सेंटर को पूरे दिन के लिए बंद कर दिया गया। मस्जिद की वेबसाइट के मुताबिक, यहां सिर्फ मुस्लिम समुदाय के लिए धार्मिक गतिविधियां नहीं होतीं, बल्कि सामाजिक कामों में भी दूसरे समुदायों के साथ मिलकर काम किया जाता है। यहां रोज पांच वक्त की नमाज होती है।

### कैलिफोर्निया की सबसे बड़ी मस्जिद में गोलीबारी, सुरक्षा गार्ड समेत 5 लोगों की मौत

नई दिल्ली। अमेरिका के कैलिफोर्निया में सैन डिएगो स्थित मज्जिद में सोमवार को अंधाधुंध गोलीबारी हुई। इस दुर्घटना में सुरक्षा गार्ड सहित पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। बाद में दोनों संदिग्ध किशोर भी एक वाहन में मृत पाए गए। पुलिस के अनुसार दोनों ने कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह केंद्र सैन डिएगो काउंटी की सबसे बड़ी मस्जिद है और इसमें अल रशीद स्कूल भी शामिल है जो 5 वर्ष और उससे अधिक आयु के छात्रों के लिए अरबी भाषा, इस्लामी अध्ययन और कुरान के पाठ्यक्रम प्रदान करता है। सैन डिएगो काउंटी की इस सबसे बड़ी मस्जिद में हुए इस खूनी हमले को पुलिस 'घृणा अपराध' मानकर जांच कर रही है। यह भीषण हमला उस समय हुआ जब मस्जिद के भीतर बच्चों का स्कूल चल रहा था और गैर-मुस्लिमों का एक समूह इस्लाम के बारे में जानने के लिए वहां आया हुआ था।

## अमेरिका ने अपाचे हेलीकॉप्टर और एम 777 हवित्जर की बिक्री को दी मंजूरी

# भारत और अमेरिका के बीच अपाचे हेलीकॉप्टर को लेकर डील फाइनल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी विदेश विभाग ने सोमवार को कहा कि उसने भारत को अपाचे हेलीकॉप्टर सपोर्ट सर्विस और M777 अल्ट्रा-लाइट तोपों के लिए सहायता सेवाओं और संबंधित उपकरणों की संभावित बिक्री को मंजूरी दे दी है। इसकी अनुमानित लागत 428 करोड़ डॉलर है।

अपाचे हेलीकॉप्टरों की प्रस्तावित बिक्री का अनुमान 198.2 करोड़ डॉलर है, जिसमें AH-64E अपाचे के लिए रखरखाव सहायता सेवाएं शामिल हैं। वहीं M777A2 अल्ट्रा-लाइट तोपों के लिए दीर्घकालिक रखरखाव सहायता का मूल्य लगभग 230 करोड़ डॉलर है।

विदेश विभाग ने बताया कि अपाचे सपोर्ट पैकेज के लिए मुख्य ठेकेदार बोइंग और लॉकहीड मार्टिन होंगे। हवित्जर के सपोर्ट के लिए मुख्य ठेकेदार के तौर पर बीएई सिस्टम्स काम करेगा। विदेश विभाग ने कहा कि भारत ने AH-64E अपाचे के रखरखाव के लिए सहायता सेवाएं, अमेरिकी सरकार और ठेकेदार की इंजीनियरिंग, तकनीकी और लॉजिस्टिक्स सहायता सेवाएं, तकनीकी डेटा और प्रकाशन, कर्मियों का प्रशिक्षण और लॉजिस्टिक्स तथा कार्यक्रम सहायता से जुड़े अन्य संबंधित तत्व खरीदने का अनुरोध किया है।



> हवित्जरके लिए अमेरिका ने कहा कि इसमें गैर-प्रमुख रक्षा उपकरण आइटम शामिल होंगे। सहायक आइटम, स्पेयर पार्ट्स, मरम्मत और वापसी, प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, फील्ड सर्विस प्रतिनिधि, डिपो क्षमता और लॉजिस्टिक्स तथा कार्यक्रम सहायता के अन्य संबंधित तत्व।

### 28 अपाचे हेलीकॉप्ट खरीद चुकी है भारतीय सेना

विदेश विभाग ने बताया कि इसके मुख्य कांट्रेक्टर बोइंग कंपनी और लाकहीड मार्टिन होंगे। भारतीय सेना और वायुसेना अमेरिका से कुल मिलाकर 28 अपाचे हेलीकॉप्टर खरीद चुकी हैं। ये हेलीकॉप्टर दुनिया के सबसे उन्नत लड़ाकू हेलीकॉप्टरों में से एक हैं और इन्हें "फ्लाइंग टैंक" भी कहा जाता है।

# अडाणी एंटरप्राइजेस ट्रंप प्रशासन को 2,300 करोड़ चुकाएगी

## ईरान से गैस खरीदने के मामले में सेटलमेंट हुआ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय कारोबारी गौतम अडाणी की कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अमेरिकी प्रतिबंधों के उल्लंघन का मामला सुलझा लिया है। इसके लिए कंपनी अमेरिकी ट्रेजरी को सेटलमेंट राशि के रूप में 275 मिलियन डॉलर (करीब 2,300 करोड़ रुपए) का भुगतान करेगी। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने सोमवार को इस समझौते की आधिकारिक घोषणा की। यह मामला ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों के 32 संभावित नागरिक दायित्व उल्लंघनों से जुड़ा हुआ है।

ट्रेजरी विभाग के ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल (OFAC) ने एक बयान में बताया कि दोनों पक्षों के बीच इस बड़ी राशि के भुगतान को लेकर सहमति बन गई है। अडाणी एंटरप्राइजेज ने इस साल फरवरी में ही साफ कर दिया था कि वह अमेरिकी जांच में पूरा सहयोग कर रही है।



OFAC के मुताबिक, पूरा मामला नवंबर 2023 से जून 2025 के बीच लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस (LPG) के आयात से जुड़ा हुआ है। अडाणी एंटरप्राइजेज ने दुबई के एक ट्रेडर से LPG की खेप खरीदी थी। उस सप्लायर ने दावा किया था कि यह गैस ओमान और इराक से आ रही है। हालांकि, जांच में सामने आया कि यह एलपीजी वास्तव में ईरान से मंगवाई गई थी। ईरान के ऊर्जा व्यापार को सीमित करने वाले अमेरिकी नियमों (ITSR) के तहत इस पर प्रतिबंध लगा हुआ है।

अमेरिकी एजेंसी का कहना है कि अडाणी एंटरप्राइजेज ने गुजरात के मुंद्रा पोर्ट के जरिए भारत में इस एलपीजी का आयात किया था। इसके भुगतान के लिए अमेरिकी वित्तीय संस्थानों के जरिए डॉलर में 32 ट्रांजैक्शन किए गए, जिनकी कुल कीमत लगभग 192 मिलियन डॉलर थी। OFAC ने कहा कि कंपनी को ऐसे कई संकेत मिले थे (रेड फ्लैग्स) जिनसे उन्हें सतर्क हो जाना चाहिए था कि यह एलपीजी ईरान से ही आ रही है।

## बहस : नॉर्वे की पत्रकार ने मानवाधिकारों से जुड़ा पूछा सवाल तो एमईए ने दिया दो टूक जवाब

# 'भारत पर क्यों भरोसा करें'

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नॉर्वे की यात्रा के दौरान ओस्लो में एक पत्रकार ने भारत में प्रेस की स्वतंत्रता और मानवाधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर सवाल किया गया। इसके जवाब में विदेश मंत्रालय ने सोमवार को तुरंत उस पत्रकार को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया और कहा कि हमारा संविधान लोगों के अधिकारों की गारंटी देता है।



सिबी जॉर्ज ने कहा, हमारा एक संविधान है जो लोगों के अधिकारों की, लोगों के मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है। जैसा कि आप जानते हैं हमारे देश की महिलाओं के लिए हमारे पास समान अधिकार हैं, जो कि बहुत महत्वपूर्ण है। 1947 में हमने अपनी महिलाओं को वोट देने की आजादी दी। हमने मिलकर आजादी हासिल की और उन्होंने भी इसे खुद जीता।

उन्होंने आगे कहा, मैं कई ऐसे देशों के बारे में जानता हूं, जहां महिलाओं को वोट देने का अधिकार भारत द्वारा यह आजादी दिए जाने के कई दशकों बाद मिला। आप जानते हैं, ऐसा इसलिए है क्योंकि हम समानता में विश्वास रखते हैं, हम मानवाधिकारों में विश्वास रखते हैं। और मानवाधिकारों का सबसे अच्छा उदाहरण क्या है? सरकार बदलने का अधिकार, वोट देने का अधिकार। और भारत में यही हो रहा है। हमें इस बात पर बहुत गर्व है।

सवाल का जवाब देते हुए जॉर्ज ने बार-बार अनुरोध किया कि जब वे जवाब दे रहे हों तो उन्हें बीच में न टोका जाए और कहा, मुझे सवाल का जवाब देने दीजिए, कृपया मुझे बीच में न टोकें। आपने एक सवाल पूछा है यह मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस है।

### सिबी जॉर्ज ने की पत्रकार की बोलती बंद

विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) ने कहा कि भारत का संविधान सभी नागरिकों को मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है और अधिकारों के उल्लंघन के मामलों में कानूनी उपचार भी देता है। भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि देश ने आजादी के समय से ही महिलाओं के लिए समान मतदान अधिकारों को सुनिश्चित किया है। जॉर्ज ने आगे कहा कि भारत समानता और मानवाधिकारों में विश्वास रखता है और यह भी कहा कि वोट देने तथा सरकारें बदलने का अधिकार लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का सबसे सशक्त उदाहरण है।

■ एक पत्रकार ने विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से बार-बार यह जवाब मांगा कि 'भारत पर भरोसा क्यों किया जाना चाहिए'। इसके चलते विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और नॉर्वे के एक पत्रकार के बीच तीखी बहस हो गई।

## कांगो में इबोला का कहर, अमेरिकी डॉक्टर भी वायरस की चपेट में

**नई दिल्ली, एजेंसी**

डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में इबोला वायरस के एक दुर्लभ स्ट्रेन ने एक अमेरिकी डॉक्टर को संक्रमित कर दिया है, जबकि यह प्रकोप पूरे देश और साथ ही पड़ोसी देश युगांडा में भी फैलता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रविवार को इस प्रकोप को 'अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल' घोषित कर दिया।

इटुरी और नॉर्थ किवु प्रांतों में 300 से ज्यादा संदिग्ध मामले और 118 मौतें दर्ज की गई हैं, जबकि युगांडा ने इस प्रकोप से जुड़ी दो मौतों की पुष्टि की है। कांगो के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ बायो-मेडिकल रिसर्च के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. जीन-जैक्स मुयेम्बे ने सोमवार को पुष्टि की कि इटुरी प्रांत की राजधानी बुनिया में दर्ज किए गए मामलों में एक अमेरिकी डॉक्टर भी शामिल था।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों और राहत कर्मियों ने बताया कि यह वायरस हफ्तों तक बिना किसी की नजर में आए फैलता रहा, क्योंकि शुरुआती जांच में इबोला के गलत स्ट्रेन की तलाश की जा रही थी।

जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर ग्लोबल हेल्थ पॉलिसी एंड पॉलिटिक्स के डायरेक्टर मैथ्यू एम. कवानाघ ने कहा, क्योंकि शुरुआती जांच में इबोला के गलत स्ट्रेन की तलाश की जा रही थी, इसलिए हमें फॉल्स नेगेटिव (गलत नतीजे) मिले और हमने प्रतिक्रिया देने के लिए जरूरी हफ्ते गंवा दिए।



■ कांगो में इबोला के दुर्लभ बुंडिबुग्यो स्ट्रेन का प्रकोप
■ एक अमेरिकी डॉक्टर भी वायरस की चपेट में आया

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड- 224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96